चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 117, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 26 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नए संसद भवन का मामला

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संसद के नए भवन के उद्घाटन का मामला, नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने की मांग को लेकर याचिका





**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर संसद की नई बिल्डिंग के उद्घाटन राष्ट्रपति से ही कराने की मांग की गई है। याचिका सुप्रीम के ही एक वकील सीआर जया सुकीन ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से लोकसभा सचिवालय को इस बारे में निर्देश देने की मांग की गई है कि संसद की नई बिल्डिंग का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों कराने का दिशानिर्देश जारी किए जाएं। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रपति संसद का अभिन्न हिस्सा हैं। उद्घाटन समारोह में उन्हें आमंत्रित न करना संवैधानिक सिद्धांतों के खिलाफ है। याचिका में कहा गया है कि संविधान की धारा 79 के मुताबिक संसद राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर बनता है। ऐसे में राष्ट्रपति को इस उद्घाटन समारोह से दूर रखकर असंवैधानिक काम किया गया है। गौरतलब है कि संसद की नई बिल्डिंग का उद्घाटन 28 मई को होने वाला है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को करना हैं। फिलहाल 19 विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति के हाथों उद्घाटन करने की मांग करते हुए संसद भवन की नई बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार की घोषणा की है।

**यह है मामला:** दरअसल, 28 मई को दोपहर 12 बजे पीएम मोदी नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। इस पर कांग्रेस नेताओं और कई अन्य विपक्षी नेताओं का मानना है कि पीएम की बजाय राष्ट्रपति को उद्घाटन करना चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों ही होना चाहिए। मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। इस बीच सूत्रों ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उद्घाटन के अवसर पर बधाई संदेश जारी कर सकते हैं।

**ये दल रहेंगे मौजूद:** इसी को लेकर लगातार सियासी बवाल मचा हुआ है। 28 मई को होने वाले समारोह का जहां कई राजनीतिक दलों ने बहिष्कार किया है। वहीं, कइयों ने शामिल होने की पुष्टि की है। समारोह में शामिल होने वाले राजनीतिक दल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), शिरोमणि अकाली दल, बीजू जनता दल (बीजेडी) और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) है। इन पार्टियों ने बुधवार को एलान किया था कि वह उद्घाटन के समय उपस्थित रहेंगे।

## लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है विपक्ष का रवैया: सीएम योगी



**लखनऊ: नई** दिल्ली स्थित नए संसद भवन को लेकर विवाद को तूल देने में लगे विपक्ष पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कड़ा प्रहार करते हुए आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में 28 मई की तिथि एक गौरवशाली क्षण के रूप में दर्ज होने जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत के लोकतंत्र के प्रतीक नया संसद देश को समर्पित किया जाएगा जोकि एक गौरवशाली क्षण होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों द्वारा जिस प्रकार की टिप्पणियां व बयानबाजी हो रही है वह अत्यंत दुखद, गैरजिम्मेदाराना और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि लोकतंत्र की जननी के तौर पर भी विश्व में जाना जाता है। दुनिया के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की इस छवि को एक नई पहचान दी है। मगर विपक्ष का ये बयान लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। विपक्ष के इस कुत्सित प्रयास को पूरा देश देख रहा है और विपक्ष की इस हरकत को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

**परंपरा और आधुनिकता का मेल है नई संसद:** नई संसद भवन के औचित्य को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नया संसद भवन आज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह आगामी 100 वर्ष के विजन को लेकर बना है और इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। यह दूरदर्शी तरीके के साथ बनाई गई है और हर एक पार्लियामेंटेरियन को प्रॉपर स्पेस और हर प्रकार की सुविधा मिल सके, इस बात को ध्यान में रखा गया है। यही कारण है कि आमजन की आवाज को सुनने का एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रही यह संसद दुनिया में एक आदर्श स्थापित करने का अवसर दे रही है। मगर विपक्ष की इस प्रकार की बयानबाजी अत्यंत क्षोभकारी है।

**इंदिरा से लेकर राजीव गांधी भी कर चुके हैं ऐसा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब देश के प्रधानमंत्री इस प्रकार के किसी उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बन रहे हों।

बॉक्स

## मोदी सरकार के समर्थन में आईं मायावती




**लखनऊ:** नए संसद भवन के उद्घाटन के मामले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती केंद्र सरकार के पक्ष में आ गई हैं। उन्होंने कहा है कि बसपा ने देश में जनहित मुद्दों पर हमेशा चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की सभी का समर्थन किया है । 28 मई को संसद के नए भवन के उद्घाटन को भी पार्टी इसी संदर्भ में देखते हुए इसका स्वागत करती है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति द्वारा उद्घाटन नहीं कराए जाने को लेकर बहिष्कार अनुचित है। संसद भवन को सरकार ने बनवाया है। इसके उद्घाटन का अधिकार भी सरकार को ही है। इस मामले को आदिवासी महिला के सम्मान से जोड़ना भी अनुचित है। यह उन्हें निर्विरोध न चुनकर उनके विरुद्ध उम्मीदवार खड़ा करते वक्त सोचना चाहिए था। मायावती ने कहा कि देश को समर्पित होने वाले कार्यक्रम अर्थात नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का निमंत्रण मुझे मिला है किंतु बैठकों में व्यस्तता होने के कारण मैं उसमें शामिल नहीं हो पाऊंगी। इसके लिए बधाई। केन्द्र में पहले चाहे कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो ।

## छत्तीसगढ़ की अस्मिता की प्रतीक है छग महतारी : बघेल



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बस्तर संभाग का पहला जिला कार्यालय है जहां छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने प्रतिमा अनावरण के उपरांत कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान की प्रतीक है छत्तीसगढ़ महतारी। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है, ताकि लोगों में अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। बोरे-बासी को आज पूरा देश जानने लगा है। आदिवासी नृत्य महोत्सव, देवगुड़ी का कायाकल्प, आदिवासी परब सम्मान निधि जैसी पहल के माध्यम से जनजातीय संस्कृति को सम्मान दिलाने का काम किया गया है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद दीपक बैज, बविप्रा के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, बविप्रा के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी, विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम,संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, पूर्व सांसद नन्द कुमार साय, महापौर सफीरा साहू, नगर पालिक निगम की अध्यक्ष कविता साहू, इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, अक्षय ऊर्जा प्राधिकरण के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, कर्मकार मण्डल के सदस्य बलराम मौर्य,कमिश्नर श्याम धावड़े, आई जी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी उपस्थित थे।

## हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड में बहाल होगी ओपीएस

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड में भी पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल होगी। इससे 6500 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को शिमला से जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत शामिल करने का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लिया, जिससे 1.36 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिला है। प्रदेश सरकार इस योजना के तहत बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को शामिल कर उनके लाभ सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों का कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिमाचल प्रदेश की निरन्तर प्रगति के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के कल्याण तथा सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सुरक्षित भविष्य प्रदान कर उन्हें प्रदेश के समग्र विकास में प्रभावी योगदान देने।

## 4.45 घंटे में होगा दिल्ली से देहरादून का सफर

### पीएम ने उत्तराखंड को दी पहली वंदे भारत की सौगात




**देहरादून: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देहरादून से दिल्ली के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। ट्रेन में जो सुविधाएं हैं वो इस सफर को आनंद दायक बनाने वाली है:

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पर्वतमाला योजना उत्तराखंड का भविष्य बदलने जा रही है। ट्रेन शुरू होने से राज्य में आने वाले यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा। वंदे भारत भारत के सामान्य परिवारों की पहली पसंद बनती जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी कुछ घंटे पहले ही मैं तीन देशों की यात्रा करके आया हूं।आज पूरा विश्व भारत को उम्मीदों से देख रहा है। हमने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, जिस तरह हम गरीबी से लड़ रहे हैं उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है।


## तिहाड़ जेल के बाथरूम में गिरे सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन आज सुबह जेल के बाथरूम में गिर गए। जिससे उन्हें चोट लगी। जेल प्रशासन ने उन्हें दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि वह तिहाड़ जेल के बाथरूम में चक्कर आने के बाद गिर गए थे। इससे पहले भी सत्येंद्र जैन बाथरूम में गिरे थे और इस दौरान उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई थीं। इससे पहले उन्हें सोमवार को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें न्यूरो सर्जन से दिखाया गया था। इस दौरान उनकी तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वह काफी कमजोर नजर आ रहे थे। डॉक्टर के अनुसार उनका 35 किलो वजन कम हो गया है।

तिहाड़ जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 6:00 बजे डॉ सतेंद्र जैन जेल अस्पताल के बाथरूम में फिसल कर गिर गए। फिर डॉक्टरों ने उनकी जांच की। पीठ, बाएं पैर और कंधे में दर्द की शिकायत के कारण उन्हें आगे डीडीयू अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## यूपी में नहीं बढेंगे बिजली के दाम

### नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों का प्रस्ताव खारिज किया, नहीं बढ़ेंगे दाम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जनता के लिए गुरुवार का दिन खुशखबरी वाला रहा। विद्युत नियामक आयोग ने इस साल भी बिजली उपभोक्ताओं को बिल के दाम बढ़ने से लगने वाले करंट से बचा लिया। अब इस साल भी बिजली की दर नहीं बढ़ेगी। विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की तरफ से दाखिल 18 से 23 फीसदी बढोतरी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक बार फिर प्रदेश की बिजली दरों में कोई भी बदलाव न करते हुए यथावत रखी गई हैं। यह चौथा साल है, जब बिजली की पूर्व दर ही लागू रहेगी। नियामक आयोग ने बिजली दरों में कमी को रोकने के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा द्वारा वितरण हानियों को आरडीएसएस स्कीम के तहत मानने वाला प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इस वर्ष भी प्रदेश के उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 7988 करोड़ रुपये सरप्लस निकला है। गुरुवार को नियामक आयोग का फैसला आने के बाद उपभोक्ता परिषद ने ऐलान किया कि जब तक बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का बकाया बना रहेगा, तब तक बिजली दर नहीं बढ़ने दिया जाएगा। अब कुल सरप्लस बढ़कर 33,121 करोड़ रुपये हो गया है। ऐसे में अगले 10 वर्षों तक दरों में बढ़ोतरी नहीं हो सकती है। बिजली कर्मचारियों यानी कि विभागीय कार्मिकों का जो एलएमवी-10 था ।

## रकबर मॉब लिचिंग: चार को सात साल की सजा, एक बरी



**अलवर।** जिले का बहुचर्चित रकबर खान मॉब लिंचिंग मामले में गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। इसमें चार आरोपितों को दोषी मानते हुए कोर्ट ने सात साल के कारावास की सजा और दस हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। हालांकि पांचवें आरोपित को संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने बरी कर दिया।

विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार ने बताया कि 2018 में राजस्थान के अलवर जिले रामगढ़ के ललावंडी गांव में कोलगाव निवासी रकबर खान की गौ तस्करी के संदेह में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में पुलिस ने एक स्थानीय विश्व हिंदू परिषद के नेता नवल किशोर शर्मा सहित परमजीत सिंह, धर्मेंद यादव, नरेश और विजय को मामले में गिरफ्तार किया। मामले में कोर्ट ने नवल शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया जबकि अन्य चारों आरोपितों को आईपीसी की धारा 304 ए और 341 में दोषी मानते हुए सात-सात साल के कारावास व 10-10 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है।

यह था मामला: सन 2018 में असलम और रकबर गायों को लेकर भरतपुर जिले में अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान अलवर में कथित तौर पर भीड़ ने गोतस्कर मानते हुए पीट-पीटकर मार डाला था। हालांकि इस दौरान असलम किसी तरह से अपनी जान छुड़ाकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रकबर और गायों को रामगढ़ थाने ले गई। घायल रकबर को रामगढ़ अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया था। बरी हुए नवल किशोर ने बताया कि उसे न्याय पालिका पर भरोसा था। उसने कहा कि बाकी चार बच्चे भी निर्दोष हैं। उन्हें सुनाई गई सजा के लिए वह हाईकोर्ट में अपील करेंगे।



खबर संक्षेप

## मऊआइमा का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज

### मऊआइमा सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चौथीबार आज शपथ दिलाई जाएगी ,साथ में चौदह वार्डों के सदस्य भी हलफ लेगें

**मऊआइमा।** सपा से लगातार चौथीबार निर्वाचित हो रहे हाजी मो शोएब अंसारी शुक्रवार को दूसरे पहर शपथ ग्रहण करेंगें। साथ में चौदह वार्डों के निर्वाचित सदस्य भी हलफ लेंगें। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा से लगातार सपा से चौथीबार हाजी मो शोएब अंसारी नगर पंचायत अध्यक्ष चुने गए हैं। आज शुक्रवार को दूसरे पहर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, एंव चौदह वार्डों के सदस्य शपथग्रहण करेंगें। बताया गया है कि इन्हें परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के मैदान पर (एस डी एम चतुर्थ रमेश मौर्य) शपथग्रहण कराएंगें। इस शपथ ग्रहण को ऐतिहासिक बनाने के लिए परिषदीय विद्यालय को सजाया जा रहा है। तथा हजारों कुर्सियां भी लगाने की तैयारी चल रही है। मुख्य अतिथि के रूप में सत्ता पक्ष एंव विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया गया है।

# सीएमओ के आदेश पर मुफ्त हुई गुंजा के इलाज की सभी जांच

### 16 वर्ष की गुंजा का जनरेटर की चपेट में आने से उसके सिर में लगे हैं 720 टांके सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने परिवार को दिया आश्वासन इलाज में नहीं होगी कोई कमी

अखंड भारत संदेश





सीएमओ डा. आशु पाण्डेय

**प्रयागराज।** हंडिया में मंदिर में निशान चढ़ाने जा रहे थे श्रद्धालु, तब हुआ था यह हादसा ढोकरी गांव की रहने वाली गुंजा की हालत गंभीर है निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है, उसके सिर में 720 टांके लगे हैं सीएमओ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) डॉ. आशु पांडेय को जानकारी हुई तो अपनी टीम भेजकर उसका हाल जाना। सीएमओ ने चंद्रा स्कैन सेंटर के प्रोपराइटर प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की जांच आदि मुफ्त किए जाने की अपील की सीएमओ के निर्देशन में वहां पर उसका मुफ्त सीटी स्कैन किया गया। गुंजा के इलाज में लगे डॉक्टरों से सीएमओ ने उसके बारे में जानकारी ली सीएमओ डा. पांडेय ने बताया कि गुंजा अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। वह बात भी कर रही है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द वह ठीक हो जाएगी जनरेटर की चपेट में आने से घायल हुई थी गुंजा गुंजा 16 साल की है। दो दिन पहले ही वह गांव में एक धार्मिक कायक्रम में परिवार के साथ शामिल हो रही थी। डीजे की धुन पर गांव वाले नाच रहे थे। वहां मौजूद गुंजा जनरेटर की चपेट में आ गई। उसके बाल जनरेटर में फंस गए और जब तक लोग देख पाते उसका बाल चमड़ी सहित निकल गए। उसे तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल में भती कराया गया 720 टांके लगाए गए हैं परिवार के लोग भी इस घटना से सहमे हुए हैं गुंजा के पिता रामफल ने बताया कि दो दिन बाद 28 मई को उसकी बड़ी बेटी पुष्पा की शादी भी है। इस घटना के बाद निर्णय लिया गया है कि शादी बिल्कुल सादगी से पूरी होगी।




## 27 मई को नगर पंचायत शंकरगढ़ में दिलाई जाएगी शपथ, तैयारियां तेज

**शंकरगढ़।** नगर निकाय चुनाव के बाद अब निकायों में शपथ ग्रहण की तैयारियां तेज हो गई हैं। वैसे तो शासनादेश के मुताबिक जिले की सभी नगर पंचायतों में 26 मई को चेयरमैन व सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी, पर शंकरगढ़ में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 27 मई को होगा। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्वती कोटार्य ने प्रार्थनापत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उनके यहां 26 मई को शपथ ग्रहण समारोह न करवाकर 27 मई को करवाया जाए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्वती कोटार्य के अनुरोध पर नगर पंचायत शंकरगढ़ में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 27 मई को करवाया जाएगा। यहां पर उपजिलाधिकारी बारा चेयरमैन को शपथ दिलाएंगे।

## नगर पंचायत शंकरगढ़ में अधिशासी अधिकारी ने संभाला कार्यभार गिनाई प्राथमिकताएं

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ को बड़े दिनों के बाद अपना स्थायी ईओ मिल गया है। शासन के द्वारा एक दिन पहले ही नगर पंचायत शंकरगढ़ में ईओ नवनीत कुमार की तैनाती की गई थी। गुरुवार को नवनीत कुमार ने शंकरगढ़ पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पूर्णकालिक ईओ के कार्यभार संभालने से अब नगर पंचायत के विकास कार्यों को रफ्तार मिल सकेगी। अभी तक यहां का चार्ज ईओ लालगोपालगंज (गंगापार) के पास था। कार्यभार संभालने के बाद ईओ नवनीत कुमार ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करना, उनका क्रियान्वयन कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि, शंकरगढ़ में अब तक क्या होता आया है, उन्हे उसकी तो जानकारी नहीं है, लेकिन आगे से नगर पंचायत शंकरगढ़ को सभी के सहयोग से आदर्श नगर पंचायत बनाया जाएगा। नवागत ईओ ने कहा कि नगर पंचायत में पेयजल, अतिक्रमण, सड़क, नाली, खड़ंजा इत्यादि की जो भी समस्याएं हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। लंबित योजनाओं, कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करवाने की कोशिश रहेगी। ईओ ने बिजली मिस्त्री, प्लम्बर,सफाई नायक और कार्यालय के कर्मचारियों से सहयोग करते हुए जिम्मेदारी से कार्य करने को कहा।उन्होंने कस्बावासियों को भी भरोसा दिलाया कि वह पूरी तरह से निश्चिंत रहें। मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी को भी इधर-उधर भटकना नहीं होगा। इसके लिए उन्होंने कस्बावासियों से आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, गंदगी न फैलाने, कस्बे में अतिक्रमण न करने, सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग नहीं करने की अपील की। बता दें कि नवनीत कुमार की यह पहली पोस्टिंग है।मौके पर कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित सिंह, लिपिक प्रियंका गौतम,मनीष केसरवानी,दीपू शुक्ला, अमित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा






अखंड भारत संदेश

**नैनी।** क्षेत्र के चक बबुरा एडीए कॉलोनी में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कथा सुनने के लिए भक्त श्रोता जनों की भीड़ जुट रही है। भक्त लोग कथा श्रवण कर आनंदित हो रहे हैं। कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य श्याम मुरारी जी महाराज ने कथा के पांचवें बृहस्पतिवार के दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत बखान व वर्णन करते हुए माखन चोरी गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग की कथा विस्तार से कही उन्होंने कथा श्रवण पर विशेष बल देते हुए लोगों को बताया कि कथा मानव की सारी व्यथा दूर कर देती है। मुख्य श्रोता यजमान दिनेश कुमार मिश्रा व पत्नी कमला मिश्रा की ओर से कथा व्यास सहित सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया कथा के आयोजक योगेश कुमार मिश्र व संयोजक रमेश कुमार मिश्र तथा व्यवस्थापक सुरेश कुमार मिश्र की ओर से कथा श्रवण के लिए शिरकत किए सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया सायं कालीन में भागवत भगवान की सामूहिक आरती की गई और रात्रिकालीन में गायक कलाकारों के भजन संध्या की प्रस्तुतियां भी हुई इसके अलावा महिलाओं की ओर से गीतों के गायन भी हुए इस मौके पर रमाशंकर मिश्र बृजेश कुमार विजय शंकर राजेंद्र प्रसाद पीयूष अभिनेंद्र आलोक अतुल आशीष दिव्यांशु श्रीश सुधांशु छितीज प्रियांशु श्रेयांश प्रथमेश आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

# अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए बीडीओ ने दिए दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश



अमृत सरोवर का निरीक्षण करते बीडीओ श्याम नारायण चतुर्वेदी व अन्य।

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा चिरौड़ा में नवागंतुक विकास खण्ड अधिकारी श्याम नारायण चतुर्वेदी ने अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के सुंदरीकरण का अवलोकन किया तथा तालाब में जल की कमी देख तत्काल तालाब में जल भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने भीषण गर्मी में पशु पक्षियों एवं आसपास के हैण्ड पम्प सहित पेयजल के लिए लगाए गए संसाधन में जलीय स्तर ठीक रहने के लिए जलभराव सुनिश्चित कराने के लिए अपने मातहत कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिया। विकास खण्ड अधिकारी ने इसके अतिरिक्त ग्राम सचिवालय तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए लगाए गए शिविर का भी अवलोकन किया। जिसमें किसानों की समस्याओं के समाधान की जानकारी प्राप्त किए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी ललिता यादव, लेखपाल मनीष यादव, कृषि विभाग के टीएसी बेचन सिंह, पंचायत सहायक दीक्षा चौरसिया सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए देवबरा गांव के निवासी

अखंड भारत संदेश



**धनूपुर।** देवबरा पूरेसतभामा गांव में मुख्य यजमान छोटेलाल पांडेय, शांति देवी एवं फुलगेना देवी के निवास शांति कुंज प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथा व्यास प्रयाग पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य महाराज ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि महाराज भीष्म अपनी पुत्री रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से करना चाहते थे, परन्तु उनका पुत्र रुक्मणी राजी नहीं था वह रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था रुक्मिणी इसके लिए राजी नहीं थीं विवाह की रस्म के अनुसार जब रुक्मिणी माता पूजन के लिए आईं तब श्रीकृष्णजी उन्हें अपने रथ में बिठा कर ले गए तत्पश्चात रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण के साथ हुआ ऐसी लीला भगवान के सिवाय दुनिया में कोई नहीं कर सकता। महाराज ने कहा कि भागवत कथा ऐसा शास्त्र है जिसके प्रत्येक पद से रस की वर्षा होती है इस शास्त्र को शुकदेव मुनि राजा परीक्षित को सुनाते हैं राजा परीक्षित इसे सुनकर मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। प्रभु की प्रत्येक लीला रास है हमारे अंदर प्रति क्षण रास हो रहा है, सांस चल रही है तो रास भी चल रहा है, यही रास महारास है इसके द्वारा रस स्वरूप परमात्मा को नचाने के लिए एवं स्वयं नाचने के लिए प्रस्तुत करना पड़ेगा, उसके लिए परीक्षित होना पड़ेगा इस दौरान श्री कृष्ण-रुक्मिणी की आकर्षक झांकी बनाई गई जिनके दर्शन करके भक्तगण भाव विभोर हो गए आयोजकों ने आरती प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर सुशील कुमार पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, रोहित पांडेय, आनंद कुमार पांडेय, सभाजीत उपाध्याय, विजय मणि पांडेय, राधाकृष्ण पांडेय, राधेमोहन पांडेय, विकास इलाहाबादी, राम शुक्ला, सभापति शुक्ला, श्याम लाल पांडेय, शिव नारायण पांडेय, राकेश शुक्ला, प्रेम शंकर दुबे, शम्भूनाथ पांडेय, लालमणि पांडेय, अशोक उपाध्याय,बेचू शुक्ला, राधे शुक्ला, कैलाश नाथ पांडेय, बृजेश मिश्र, राहुल, अंशु, प्रांशु, शिवम, शिवांग, विनय, विपिन, रामजी, राजमणि, राजपति, सभापति, उमापति, धीरज, नीरज, उमेश, धर्मेंद्र, प्रांजल, प्रणव, आदर्श, हर्ष, ऋषि, आकाश सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## स्नान खत्म हो जाएगा गंगा घाट फाफामऊ, बाबा बालक दास

**फाफामऊ।** 55 वर्ष से अधिक फाफामऊ गंगा घाट पर रहकर पूजा पाठ कर रहे बाबा बालक दास और संतों का कहना है कि फाफामऊ गंगाघाट स्नान करने के लिए गंगापार का मुख्य घाट है। लोग हजारों की संख्या में प्रमुख स्नान पर्वों पर गंगा स्नान करने के लिए आते है और मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं। लेकिन स्नान घाट पर ही इलेक्ट्रिक शवदाह गृह बन जाने पर घाट पर स्नान का महत्त्व खत्म हो जाएगा। शवदाह गृह से निकलने वाली गंदगी से लोग इस घाट से स्नान करने के लिए दूर भागेंगे और पूजा पाठ करने के लिए लोगों को मंदिर भी नही मिलेगी। इसलिए शवदाह गृह को स्नान घाट से हटाकर कही और बनाना चाहिए।

# पुत्र भाग्य से प्राप्त होता है तो पुत्री सौभाग्य से : बृजबिहारी जी महाराज






अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा के शिवपुरी कालोनी में त्रिपाठी बंधुओं द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य पंडित बृज बिहारी जी महाराज ने मानव जीवन को सर्वोत्तम बताते हुए कहा, कि मानव का सबसे उत्तम धर्म परोपकार है। परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गीधराज जटायु की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि जटायु आमिष भोजी होने के बाद भी मृत्यु के समय स्वयं श्री राम जी दर्शन देने पहुंचे और प्रभु ने कृपा कर उन्हें अपना धाम प्रदान किया। प्रभु ने अपनी कृपा का महत्व वर्णन करते हुए कहा कि कर्म ही महान है। उन्होंने शास्त्र का निरूपण करते हुए कहा प्राणी मात्र को जीवन काल में इतना सत्कर्म कर लेना चाहिए कि उसे अंत समय में ईश्वर के दर्शन स्मरण और चिंतन का ज्ञान रहे, यही मानव तन की सार्थकता है। मनु महाराज के तीन पुत्रियों के वंश की चर्चा करते हुए बताया कि पुत्र प्राप्ति हो तो भाग्य से होता है,लेकिन पुत्री सौभाग्य से प्राप्त होती है। मानव मात्र को ऋण मुक्त होने के लिए गृहस्थ जीवन की आवश्यकता होती है। चारों आश्रमों में गृहस्थ जीवन सबसे महत्वपूर्ण है। गृहस्थ जीवन से ही चारों आश्रमों का पालन होता है। इस दौरान रवींद्र सिंह, अनिल शुक्ला, जय शुक्ला, रतन जायसवाल, कुलभूषण मिश्रा, सतीश पाण्डेय, आशिका प्रसाद शुक्ला, लल्लन शुक्ला, अनिल भार्गव, रजनीकांत त्रिपाठी, बहादुर शर्मा, कृपानन्द शर्मा, उपेन्द्र द्विवेदी, शिवलोचन पाण्डेय, महेश प्रसाद त्रिपाठी, उमेश कुमार त्रिपाठी, बृजेश कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार त्रिपाठी, शोभित त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी, शीलू महाराज, अंश त्रिपाठी, प्रांजल त्रिपाठी, सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे। कथा के अंत में भागवत पुराण की आरती उतारी गई और भगवान का दिव्य प्रसाद वितरण किया गया।

# बरात से लौट रहे युवक को डंफर ने मारी टक्कर,मौत

अखंड भारत संदेश



**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की देर रात बरात से घर लौट रहे युवक को डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अमवा का पूरा तरौल निवासी अजय कुमार (24) पुत्र सुरेंद्र करछना से निरिया बरात में शामिल होने गए थे। रात में बरात से लौटते समय नरैना के पास करछना की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे स्वजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। करछना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके पिता मजदूरी करते थे। मुंबई में वह किसी कंपनी में काम करता था। दस दिन पहले वह गांव आया था। उसने नई अपाची गाड़ी खरीदी थी, उसी से वह बरात में शामिल होने गया था। मृतक अविवाहित था। उसकी मौत से स्वजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

## मऊआइमा कस्बा मोहल्ला कोट का 72 वांन वार्षिक इजलासे आम 27 मई को

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट का 72 वा वार्षिक इजलासे आम 27 मई को आयोजित किया गया है।जलसे की शुरूआत बाद नमाज मगरिब की जाएगी। उक्त जानकारी इंतेजामिया कमेटी जमीआते अहलेहदीस जामा मस्जिद कोट द्वारा दी गई। बताया गया है कि एक दिवसीय सालाना जलसे में शेखिलहदीश मौलाना डाक्टर अब्दुल गफ्फार सलफी आई प्लस टीवी मशहूर आलिम जलसे को खिताब फरमाएंगें। जलसे की अध्यक्षता मौलाना अशफाकुल र्हमान, संचालन मौलाना जैद शरीफ सलफी के अलावा मौलाना मुफ्ती उमैर कमाल, मौलाना कारी अबू मोहम्मद शफीक, मौलाना उबैद उल्ला, कारी नसरुद्दीन, हाफिज तनवीर इकबाल आदि अपने अपने विचार से लोगों को अवगत कराएंगे।

# ब्लैकमेलिंग के लिये बार-बार लगा रहा झूठा आरोप

## पूर्व की जाँचों में सभी आरोप निराधार पाये गये: डा. रमाकान्त दूबे

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुआट्स मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि शुआट्स की संस्थापक सोसायटी सैम हिग्गिनबॉटम एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसायटी के सम्बन्ध में दिवाकर नाथ त्रिपाठी द्वारा लगाये गये आरोप सरकारी जाँच समिति द्वारा निराधार पाये जा चुके है बावजूद इसके दिवाकर नाथ त्रिपाठी ब्लैकमेलिंग के लिये बार-बार झूठा आरोप लगा रहा है। डा. रमाकान्त दूबे ने कहा कि सैम हिग्गिनबॉटम एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसायटी का पंजीकरण 06.09.1950 को हुआ था जिसका पंजीकरण सं0 आई-4076 है। दिवाकर नाथ त्रिपाठी की शिकायत पर 20.10.2020 को फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स के डिप्टी रजिस्ट्रार आयोध्या एवं सहायक रजिस्ट्रार, प्रयागराज ने संयुक्त जाँच की थी जिसमें दिवाकर नाथ त्रिपाठी की आरोप निराधार पाये जा चुके हैं। दिवाकर त्रिपाठी ब्लैकमेलिंग के लिये बार-बार झूठी शिकायत प्रेषित कर रहा है। डा. रमाकान्त दूबे ने कहा कि जब आई 4075 और 4077 संख्या निर्गत की जा चुकी है तो स्पष्ट है कि पंजीकरण संख्या आई 4076 भी जरूर निर्गत की गई है। डा. दूबे ने दावा किया कि आई 4076 पंजीकरण संख्या सैम हिग्गिनबॉटम एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसायटी को निर्गत की गई है। सोसायटी का लगातार नवीनीकरण किया जा रहा है जोकि 2025 तक प्रभावी है। सोसायटी का संचालन एवं आडिट नियमानुसार कराया जा रहा है। डा. दूबे ने कहा कि कतिपय असामाजिक तत्व शुआट्स की संस्थापक सोसायटी का सीएनआई के सम्बन्ध में अनर्गल, मनगढ़न्त व असत्य आरोप लगा रहे है। जबकि सत्यता यह है कि शुआट्स की सोसायटी का संचालन कभी भी सीएनआई द्वारा नहीं किया गया है, सभी आरोप असत्य हैं।

## पड़ोसी महिला किशोरी को ले गई बारात दिखाने और नहीं लौटी वापस, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में आयी बारात को देखाने के लिए पडोसी महिला एक किशोरी को लेकर गयी परन्तु वापस नहीं लौटी। किशोरी की माता ने महिला और उसके संग अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलईबाजार घीनपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री को पडोसी महिला 21 मई को बारात देखाने के लिए ले गयी परन्तु आज तक वापस नहीं लौटी। गायब किशोरी की माता का आरोप है कि अलबत्ता दो फोन नम्बरों से यह फोन आता है कि हम लोग ठीक हैं। जब वह लगाती है कि तो कोई अंजान व्यक्ति उठाता है। जिससे उसे अपने बेटी के साथ किसी अनहोनी घटना का अंदेशा है। अपहृत की गई किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में पडोसी महिला अर्चना सिंह पत्नी पिन्टू सिंह तथा एक अन्य अज्ञात के खिलाफ अपहरण एंव षडयंत्र का मुकदमा दर्ज करा दी है।

## खबर संक्षेप

### मेजा में ससुरालीजनों ने की विवाहिता की पिटाई

**मेजा प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र में दहेज के लिए ससुरालीजनों ने विवाहिता को घर के अंदर बन्द कर बुरी तरह पिटाई कर जानलेवा हमला किया।किसी तरह ससुरालीजनों से बचकर विवाहिता पुलिस के पास पहुचीं। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मुकदमा दर्ज कराते ससुरालीजनों पर कार्रवाई की मांग किया है।मेजा थाना क्षेत्र के कोहड़ार की रहने वाली सुनैना पुत्री दिनेश सोनी की शादी दो वर्षों पूर्व कोहड़ार घाट निवासी पवन पुत्र बनवारी लाल के साथ हिन्दू रीति रिवाजों के साथ हुई थी। शादी में विवाहिता के मायके वालों ने प्रतिष्ठा के मद्देनजर समान भी दिया था। वहीं शादी बाद ससुरालीजनों ने दहेज में बाइक व सिलाई मशीन की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने शुरू कर दिया। कई दफा इसकी पंचायत होने के बाद भी दोनों पक्षों में बात नहीं बनी।वहीं 23 मई को जब विवाहिता मायके से ससुराल पहुंची। ससुरालीजनों ने घर में बन्द कर उसकी बेरहमी से पिटाई करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इससे विवाहिता को गम्भीर चोट आई। विवाहिता किसी तरह वहां से भागकर स्थानीय पुलिस चौकी पहुंची। पुलिस ने विवाहिता के मायके पक्ष को बुलवाकर उनके हवाले कर दिया।इसके बाद पीड़िता ने मेजा कोतवली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। उधर पीड़िता की तहरीर पर पति, सास, ससुर समेत आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने विवाहिता का मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल में विवाहिता को गहरी चोट आई है। कोहड़ार चौकी प्रभारी अखिलेश सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। पीड़िता के मेडिकल रिपोर्ट में गहरी चोट भी आई है। जल्द ही आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# प्रयागराज के 8.5 लाख बच्चे पियेंगे पोलियो की दवा

## 28 मई से शुरू हो रहा है पल्स पोलियो अभियान, स्वास्थ्य विभाग ने तैयार किया है माइक्रोप्लान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिले में 28 मई से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो रही है। अभियान में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से माइक्रोप्लान तैयार किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. तीरथलाल ने बताया कि अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता बुलावा टोली के माध्यम से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर बुलवाकर दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में बाल विकास पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को लगाया गया है। यहां 8.5 लाख से ज्यादा बच्चों को यह दवा पिलाई जायेगी।

**पांच दिनों तक घर-घर जाएगी स्वास्थ्य विभाग की टीम :** डॉ. तीरथ लाल ने बताया कि बूथ दिवस के दिन 28 मई को प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। पोलियो बूथ लाकर शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई जाएगी और जो बच्चे दवा पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक घर-घर जाक स्वास्थ्य टीम दवा पिलाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान की समीक्षा प्रतिदिन शाम को 5:00 बजे जिले के सभी विकासखंडों पर की जाएगी।

**10 लाख से ज्यादा घरों तक पहुंचेगी टीम :** जिला प्रतिरक्षण डॉ. तीरथ लाल ने बताया कि जनपद में 859978 लाख बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 3397 बूथ बनाए जाएंगे। घर-घर विजिट करने के लिए 2022 टीमों का गठन किया गया है जो 1063576 घरो तक पहुंच बनाने का लक्ष्य है। अभियान के लिए 60 मोबाइल टीम बनाई गई है। इसके अतिरिक्त 57 ट्रांजिट टीमों का गठन भी किया गया है। अभियान के लिए सुपरवाइजरों को लगाया गया है।

### सपा के गढ़ में सपा विधायक नहीं लगवा सके हाई-मास्ट

#### लोगों में कड़ी नाराजगी, अंधेरे के कारण हुई अनगिनत दुर्घटनाएं

**मेजा प्रयागराज।** सपा के गढ़ में सपा विधायक द्वारा अभी तक हाई मास्ट की व्यवस्था न कराए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी है। विधायक के निर्देश पर भी हाई मास्ट अभी तक नहीं लगवाया जा सका है। जबकि तिराहे पर अंधेरे के कारण वेब तक अनगिनत दुर्घटनाएं हो चुकी हकीन। इससे लोगों में नाराजगी है।मांडा ब्लॉक के आंधी तिराहे से रोजाना बरहा कला, बहेलियापुर, लक्षन चौकठा, मुरलीपुर, कुर्की, ढिलिया, गरेथा, भरारी, चौका सहित विभिन्न गांवों के लोगों का आवागमन होता है। उक्त इलाके सपा के गढ़ भी माने जाते हैं। तिराहे के प्रयागराज मीरजापुर राजमार्ग से अलग अलग गांवों के लिए बने लिंक मार्ग पर रात्रि में अंधेरा होने कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।इसी समस्या को लेकर तिराहे के रविन्द्र यादव, सुभाष यादव, डॉ दीपक, राजकुमार, मिथिलेश, अमर बहादुर, संतोष कुमार, चंद्रमोहन, दुर्गा पटेल, नीरज गुप्ता, मनोज पटेल, इंद्रजीत, साहब लाल समेत तमाम लोगों ने मेजा विधायक सन्दीप पटेल से हाई मास्ट लगवाने की अपील किया था। विधायक ने ठेकेदारों को जल्द ही हाई मास्ट लगाने को लेकर निर्देशित भी किया। मामले में मीडिया विधायक संदीप पटेल का कहना है कि तिराहे पर हो रही दुर्घटनाओं की शिकायत मिली है जल्द ही हाई मास्ट लगवाकर समस्या दूर करा दी जायेगी।

# भजन कीर्तन व जयकारों के साथ आज बनेगी नगर निगम की सरकार



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को नगर निगम की सरकार बनने जा रही है ।पक्ष विपक्ष सभी सभासद तथा महापौर शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग प्रयागराज में शपथ ग्रहण लेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। लेकिन प्रयागराज की इतिहास में पहली बार महापौर तथा सभासद गण शपथ ग्रहण समारोह में भजन कीर्तन होगा जयकारों के साथ शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुंबई से सुप्रसिद्ध भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे व उनकी पूरी राधे राधे टीम भजनों की गंगा बहेगी इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ होगा।

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गाइड लाइन को ताख पर रख कर न्यू कैंट में इंटर की प्रवेश सूची जारी

## वाणिज्य विषय की खाली सीटों को पीसीएम, पीसीबी के छात्रों से जबरन भरने हेतु दूसरी सूची जारी की, छात्र, छात्राओं, अभिभावकों में आक्रोश, छात्रों के आवेदन के अनुरूप नियमानुसार सूची जारी करने की मांग




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के अधीन संचालित केन्द्रीय विद्यालय में नवीन सत्र के कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश की सूची केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमो के विपरित जारी होने से संस्थागत छात्रों व उनके अभिभावकों में रोष व्याप्त है। अभिभावकों का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट द्वारा कक्षा ग्यारही में प्रवेश हेतु जो सूची विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा जारी की गई है उसे निरस्त कर निर्धारित मानक के अनुरूप सूची जारी की जाए।

शिक्षा एक ऐसा सुंदर शब्द है जो एक कली से सुंदर फूल और एक छोटे बच्चे से डॉक्टर, कलेक्टर और नेता जैसा बड़ा व्यक्ति बनाता है। शिक्षा हमें नैतिकता और सदाचार सिखाती है। शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती है। दुनिया के किसी भी देश और समाज को सुचारू और स्थिर रखने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है किन्तु जिस केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट में बच्चे कक्षा एक से पढ़ते हुये आज हाईस्कूल पास कर अपने लक्ष्य व भविष्य को डाक्टर, इंजीनियरिंग की दिशा में दुनियां तय करने के लिये कक्षा ग्यारह की विषय मैथ और बायो वर्ग से करते उससे पहले केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट की प्रधानाचार्या सुचित्रा के दिशा निर्देश पर सूची तैयार करने वाले जीएस यादव और आमिर खान ने अपने ही विद्यालय के बच्चों का इंजीनियरिंग और डाक्टरी का भविष्य बनाने वाला विषय से बच्चों की इच्छा के विरुद्ध जबरजस्ती वाणिज्य विषय मे नाम डालकर बच्चों का भविष्य चौपट करने की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा कर प्रधानाचार्या खुद पन्द्रह दिन की अवकाश पर चली गयी है और केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट के गेट पर तैनात सुरक्षा गार्डों से पूछे जाने पर उनका कहना है कि चस्पा सूची के अनुसार 30 मई तक सम्बंधित विषय के अनुक्रम में फीस जमा करना है और 17 जून को स्कूल खुलने पर ही प्रधानाचार्या अथवा एडमिशन सेल के प्रभारी से बात कर सकते है उसके पहले नहीं। गेट पर उपस्थित दर्जनों छात्रों और उनके अभिभावकों से पूछे जाने पर उनका कहना था कि एक सप्ताह पहले 21 मई को प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर के सूची जारी की गई थी जिससे किसी छात्र व उनके अभिभावकों को कोई आपत्ति नहीं थी किन्तु उस सूची में वाणिज्य विषय के दो सेक्सन में क्रमशः पन्द्रह और अट्ठारह बच्चो का नाम था। वाणिज्य विषय के दोनों सेक्सन को पूरा भरने करने के चक्कर मे पहली सूची को रद्द कर बुद्धवार 24 मई को दूसरी सूची जारी कर दी गयी। इस सूची की पहली कमी यह रही कि मेरिट बनाते समय केन्द्रीय विद्यालय की गाइड लाइन को ताख पर रखकर एडिशनल सब्जेक्ट को जोड़े विना थ्यूरी के विषय का प्रतिशत निकालकर सूची जारी कर दी गयी। दूसरा छात्रों की अनुमति व उन्हें विना सूचित किये उन्हें मैथ और बायो से वाणिज्य विषय मे डाल दिया गया। छात्रों को अपनी पसन्द के विषय चयन के लिये पांच कालम दिये गए थे बच्चो ने जो पसन्द का विषय चयन किया उसे बिना सूचित किये विना पसंद का विषय दे दिया गया है। केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा एक मे विना जाति और धर्म का कालम भरवाए विना प्रवेश दिया जाता रहा है किन्तु कक्षा ग्यारह में प्रवेश की सूची बनाने से पूर्व अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी वर्ग के बच्चों से जाति प्रमाणपत्र लेकर उन्हें उनके कोटे के तहत सीमित कर दिया गया। अभिभावक चौथा कारण यह बता रहे हैं कि इस वर्ष केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैन्ट में कक्षा ग्यारह में एक चौथाई बच्चे फेल हो गए है जिनकी वजह से नये बच्चो को उनका पसंदीदा विषय नहीं मिल पा रहा है। बच्चो का कहना है कि ग्यारह में फेल बच्चो का अलग सेक्सन बनाया जाय उनकी वजह से नये बच्चो को वाणिज्य में क्यो डाला जा रहा है।

### निमंत्रण से लौट रहे युवक पर हमला कर मोबाइल, पर्स व बैग लूटा

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के थरवई इलाके में नेशनल हाईवे पर लूटने की की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। बीती रात वहीं थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव के सामने हाईवे पर पल्सर सवार बदमाशों ने बाइक सवार युवक को चाकू दिखाकर मोबाइल और एटीएम कार्ड ले लिया। इसके पहले ब्लू टॉर्च नीति की आधा दर्जन घटनाएं हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि लुटेरों को ट्रेस किया जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गंगानगर के उतराव थाना अंतर्गत आरा खुर्द गांव निवासी अरविंद कुमार पांडेय (38) पुत्र लक्ष्मीकांत पांडेय बीती रात कौशांबी जनपद के कोखराज हाईवे मार्ग से बाइक से अपने आरा खुर्द, उतराव लौट रहे थे। रात के तकरीबन 9:00 बजे थे। थरवई थाना क्षेत्र के भोपापुर हाईवे के पास सेवा गुजर रहे थे। तभी पीछे से एक पल्सर बाइक से तीन बदमाश आए और ओवरटेक करके उन्हें रोक लिए।

# इलाहाबाद विश्व विद्यालय के छात्रों ने अर्थ शास्त्र विभागाध्यक्ष का किया घेराव

## ज्ञापन सौंपकर एसी-एसटी एक्ट के आरोपी प्रोफेसरों को विभाग में पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने छात्र नेता अजय यादव सम्राट के नेतृत्व में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष का किया घेराव कर विभागाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यौन शोषण उत्पीड़न कर्ता तीनों आरोपी प्रो.मनमोहन कृष्णा, प्रो. जावेद अख्तर और प्रो. प्रहलाद कुमार को विश्वविद्यालय परिसर में पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की।

**जब तक दोषमुक्त नहीं हो जाते विश्वविद्यालय में प्रवेश वर्जित :** वहीं छात्र नेता अजय ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर दर्जनों की संख्या में छात्र एकत्रित हुए थे। छात्रों को गोपनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि यौन शोषण एस-एसटी आरोपी रिटायर्ड प्रो. मनमोहन कृष्णा, प्रो. जावेद अख्तर के विश्वविद्यालय परिसर में आने की संभावना है। ऐसे में छात्र संघ भवन पर बैठे समस्त आंदोलनकारी छात्र अर्थशास्त्र विभाग जाकर विभागाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। वहीं अवगत कराया कि जब तक आरोपित प्रोफेसर और रिटायर्ड प्रो. मनमोहन कृष्णा को उच्च न्यायालय दोषमुक्त करार नहीं दिया जाता है। तब तक इन तीनों आरोपित प्रोफेसरों को विश्वविद्यालय में पूर्ण रूप से प्रवेश वर्जित किया जाए। इन तीनों को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया जाए।यदि विश्वविद्यालय परिसर में प्रोफेसर दिखते हैं, तो छात्र उग्र तरीके से विरोध करेंगे।वहीं सभी छात्र ज्ञापन सौंपने के बाद पत्र को राष्ट्रपति, राज्यपाल, शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, राज्य अनुसूचित जाति को भेजी गई।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर छात्र नेता इंद्रजीत मौर्या, हरेंद्र यादव, आदर्श भदौरिया, राहुल पटेल, मुबाशिर हारून, शिवबली यादव, अनुराग, विकास, सौरभ द्विवेदी, ललित सिंह, विपिन श्रीवास्तव,अभय प्रताप, अजय पाण्डेय बागी, हरिओम त्रिपाठी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मेजा में आभूषण की दुकान से उच्चक्कों ने की चोरी

#### दिनदहाड़े लाखों का जेवरात लेकर हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस

**मेजा प्रयागराज।** मेजा में आभूषण की दुकान से उच्चक्कों ने दिनदहाड़े लाखों का जेवरात चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज कस्बे में निवासी अश्वनी प्रजापति आभूषण की दुकान चलाते हैं। दोपहर उन्होंने मांडा थाने में तहरीर देकर आरोपित किया है कि वह अपनी पत्नी आरती प्रजापति के साथ दुकान के दरवाजे पर बैठा था। इस दौरान उनके पास अज्ञात दो बाइक सवार उचक्के पहुंचे। छात्रवृत्ति के कागजात, आधार कार्ड की जांच करने का हवाला देकर उनसे कागजात मांगा।

**दुकान के अलमारी में रखा था जेवरात :** आरोप है कि जब अपनी-अपनी पत्नी के साथ घर के अंदर कागजात, आधार कार्ड लेने गए। तभी दोनों बाइक सवार उचक्के दुकान में घुसकर अलमारी में रखे सोने का हार, सोने की चूड़ी, सोने की अंगूठी, मांग टीका, नथिया,मंगलसूत्र,चांदी का कमरबंद, पायल, बच्चों के गहने, सोने का झुमका सहित तकरीबन 10 लाख का जेवरात लेकर फरार हो गए। वहीं पीड़ित दुकानदार जब पुनः दुकान में लौटे अलमारी खुला देख होश उड़ गए।उन्होंने शोर मचाया तो शोर सुनकर आसपास के तमाम दुकानदार दौड़े। लेकिन तब तक चोर मौके से फरार हो गया था। वहीं दिनदहाड़े हुई इस घटना को लेकर समूचे भारतगंज बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल इस मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### डीएम की अध्यक्षता में निरंजन पुल विस्तारीकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

#### जिलाधिकारी ने मैन पॉवर बढ़ाकर कार्य को जून के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को निरंजन पुल विस्तारीकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य को मैन पॉवर बढ़ाकर जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। उन्होंने रेलवे के मुख्य अभियंता को मैन पॉवर बढ़ाकर जून के अंतिम सप्ताह तक हर हाल में कार्य को पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। इसी क्रम में उन्होंने नगर निगम को एक सप्ताह में सिवर लाइन शिफ्टिंग करने के भी निर्देश दिये है। जलकल विभाग को 10 दिनों में पाइप लाइन शिफ्ट करने के निर्देश दिए है। सहायक अभियंता विद्युत को एक सप्ताह में लाइन शिफ्ट करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, मुख्य अभियंता रेलवे नरेन्द्र सिंह, जलकल के महाप्रबंधक कुमार गौरव, अपर पुलिस आयुक्त यातायात सीताराम, सहायक अभियंता विद्युत वी0वी0 राय सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पीएसी दारोगा की मौत,परिवार के लोग लेकर जा रहे थे अस्पताल

**प्रयागराज।** फतेहपुर पीएसी में तैनात प्रयागराज के रहने वाले एक दरोगा की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं परिजनों का कहना है कि वह गंभीर रूप से बीमार थे। उन्हें फतेहपुर से अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले अरुण कुमार मौर्य पुत्र हरि राम मौर्य वर्तमान में फतेहपुर में पीएसी में दरोगा के पद पर पोस्टेड थे। प्रयागराज में पोस्टिंग के दौरान नैनी कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में जमीन खरीद करके अपना मकान बनवाया था। जहां पर उनकी पत्नी सुशीला मौर्या दो बेटे और एक बेटी रहती हैं।ब्लड प्रेशर, शुगर की गंभीर बीमारियों से थे ग्रसित सुशीला मौर्या ने बताया कि वह काफी दिनों से ब्लड प्रेशर, शुगर समेत कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे। वर्तमान में वह ड्यूटी पर तैनात थे। तबीयत ज्यादा खराब होने पर मंगलवार को परिवार उन्हें फतेहपुर से प्रयागराज लाने के लिए गया था। रात में उन्हें प्रयागराज ले आया जा रहा था। रास्ते में तबीयत बिगड़ने से परिवार के लोग उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।







## दुल्हन के वेश में सफारी के बोनट पर बैठकर रील बनाने पर हुआ था 15500 का चालान

# नैनी के अरैल क्षेत्र में शूट किया गया फायरिंग का वीडियो

अखंड भारत संदेश

**सड़क पर युवती ने शूट की फायरिंग का वीडियो,युवक संग रायफल से फायरिंग करते दिख रही वीडियो क्रियेटर वर्णिका चौधरी**



**नैनी।** नैनी के अरैल क्षेत्र में शूट किया गया है जबकि दो वीडियो झूंसी में शूट किया गया बताया जा रहा है हालांकि अभी तक ये क्लियर नहीं हो पाया है पुलिस कमिश्रेट में सोशल मीडिया के माध्यम से फेमस होने की ललक युवाओं में इस कदर बढ़ती जा रही है कि वह इसके लिए कानूनी प्रक्रियाओं से उलझने में भी नहीं हिचक रहे हैं दुल्हन के वेश में सफारी और स्कूटी पर बैठकर रील बनाने को लेकर चर्चा में आई वीडियो द्रिएटर वर्णिका चौधरी पर 15500 का चालान हुआ। इसके बाद से इस तरह से ट्रैफिक और अन्य नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वीडियो क्रिएटरों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं कार वाली दुल्हन वर्णिका चौधरी का फ्रेंड है युवक वर्तमान में एक युवक के चार वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिसमें वह दरोगा के डबल स्टार वाली वर्दी पहनेहुए एक वीडियो में दिख रहा है। वहीं 3 में राइफललेकर चलते हुए और शूट करते हुए दिख रहा है। दावाकिया जा रहा है कि वर्तमान में जिस लड़के का वीड़ियो वायरल हो रहा है। वह कार वाली दुल्हन वर्णिका चौधरी वायरल वीड़ियो में दावा किया जा रहा है कि एक वीडियो में युवक इस लड़की को पकड़कर रायफल से फार्यरिंग करना सीखा रहा है। यह युवती वही सफारी वाली दुल्हन है। रील बनाने के लिए युवती को पकड़कर फायरिंग करते हुए वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर किया है। इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर किया गया वीडियो प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के सिविल लाइंस पुलिस ने जिस युवती का दुल्हन बनकर सफारी गाड़ी के बोनट पर घूमते हुए चालान किया था। उसी के साथी का वीडियो अब वायरल हो रहा है। के नाम से बने इंस्टाग्राम एकाउंट पर उसने कई वीडियो शेयर किए हैं। एक वीडियो में वह युवती को पकड़कर लाइसेंसी गन से हवाई फायरिंग करते हुए दिख रहा है। इस बार युवती ट्रिगर दबाती है। सनरूफ के बीच से लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायिरंग वहीं युवक एक अन्य वीडियो में वह लग्जरी गाड़ी लेकर नैनी पुल के नीचे से गुजरता हुआ नजर आ रहा है। इस बीच वह चलती गाड़ी की स्टीयरिंग छोड़कर सनरूफ खोल करके कार से बाहर खड़ा हो जाता है। बिना चालक के गाड़ी चलती है। वह सनरूफ के बीचसे लाइसेंसी बंदूक निकालकर हवाई फायिरंग करता है। उसके साथी वीडियो बनाते हैं। सोशल मीडिया पर ये वीडियो बुधवार से वायरल हो रहा है। ये युवक कहांका रहने वाला है। अभी पता नहीं चल सका है। इनमेंसे एक वीडियो नैनी के अरैल क्षेत्र में शूट किया गया है। जबकि दो वीडियो झूंसी में शूट किया गया बताया जा रहा है। हालांकि अभी तक ये क्लियर नहीं हो पाया है कि वीडियो क्रियेटर कौन है। पुलिस की जांच में ही स्पष्ट होगा, कि आखिर वीडियो क्रियेटर कौन है। इसने वीडियो कहा शूट किया है।

## सूचना

मैं राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल पुत्र राम सजीवन निवासी रायपुर भरखी थाना कुंडा जनपद प्रतापगढ़। मेरे दो पुत्र हैं अनूप कुमार व शैलेश कुमार। छोटे पुत्र शैलेश कुमार का चाल चलन खराब हो गया है। मैंने व रिश्तेदारों ने काफी समझाया परंतु कोई सुधार नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में मैं अपने छोटे बेटे शैलेश कुमार को सदा सर्वदा के लिए अपने समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद से मेरा उससे कोई संबंध नहीं रहेगा।

# ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में दो की मौत, एक घायल, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बृहस्पतिवार को ट्रैक्टर व बाइक की भिड़ंत में दो लोगो की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों का पंचनामा करके शव को पीएम के लिए भेज दिया गया।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के भैरवन निवासी रामकिशन यादव (70) बाइक से लगभग 12 बजे अपनी नातिन मंजू (21) व कुलदीप (26) के साथ गौरीगंज रिश्तेदारी जा रहा था।जैसे ही वह उदयपुर थाना क्षेत्र के दलापट्टी गांव के पास पहुंचा कि सांगीपुर की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर लग गई। बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची उदयपुर पुलिस ने घायलों को सांगीपुर सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने रामकिशन व मंजू को मृत घोषित कर दिया वही गंभीर रूप से घायल कुलदीप का प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इस बाबत पुलिस का कहना है कि अभी मृतक पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। वहीं ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया है और मृतकों का पंचनामा करके शव को पीएम के लिए भेज दिया गया।

## सामूहिक भण्डारा 30 मई को

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अठेहा क्षेत्र के कुम्भीआइमा के पूरे वंशा स्थित मां काली देवी के पूजन अर्चन को लेकर बंधवा महरानी मंदिर पर आगामी अटठाईस मई से सामूहिक रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। इसके तहत आगामी तीस मई को सामूहिक भण्डारे का भी आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी समाजसेवी प्रभात ओझा ने दी है।

# ज्ञान वृद्धि के साथ आध्यात्मिक परिवेश को पुस्तकालयों से मिलती है शक्ति

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवाओं तथा छात्र छात्राओं के ज्ञानार्जन मे वृद्धि के लिए विकसित नगरों व बाजारों में पुस्तकालय स्वध्याय के रचनात्मक केंद्र हुआ करते हैं। पुस्तकालयों में नवीन घटनाचक्र तथा राष्ट्रीय परिवेश के साथ अन्र्तराष्ट्रीय पटल पर उपलब्धियों की ज्ञान वृद्धि के साथ आध्यात्मिक चरित्र निर्माण को भी ऊर्जा मिला करती है। उक्त उदगार मथुरा वृंदावन से पधारे कथावाचक मुकेश आनन्द जी महराज ने यहां व्यक्त किये। गुरूवार को नगर के नवीन रोडवेज बस स्टेशन के समीप भार्गव डिजिटल पुस्तकालय के लोकार्पण में मुकेश आनन्द जी महराज ने आने वाले गंगा दशहरा पर्व को ज्ञान गंगा के लिए जागृति का अनुपम संदेश कहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य मुकेश आंनद जी महराज के साथ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संचालन बाबा नरेन्द्र ओझा ने किया। संयोजक गौरीशंकर तिवारी ने डिजिटल पुस्तकालय को ग्रामीण क्षेत्र की मेधा के लिए उपयोगी ठहराते हुए लोगों का स्वागत किया। डा. अरूण शंकर मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, प्रभाकर दुबे, समाजसेवी सूबेदार सिह चैहान, साहित्यकार राधेश पाण्डेय, शुभम श्रीवास्तव, विकास पाण्डेय, विद्याकान्त मिश्र, संजीव द्विवेदी, राकेश सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, महन्त द्विवेदी, सुरेश मिश्र मदन, राकेश त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, प्रधानाचार्य एनएन त्रिपाठी, विष्णु सिंह, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, साहित्यकार अनूप

# अवैध कब्जा करने वाले 10 दुकानदार व पांच गुमटी वाले पर 9500 जुमार्ना

## जीआईसी से चौक घंटाघर तक चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने आज गुरुवार को अपरान्ह शहर में राजकीय इंटर कालेज से लेकर चौक घंटाघर तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें 10 दुकानदारों तथा पांच गुमटी वालों पर 9500 जुमार्ना ठोंका तथा चेतावनी दी गई कि दुकानदार सड़कों पर ठेला व सामान बिखेरकर अतिक्रमण न करें। ठेले वालों को सचेत किया गया कि वह घूम-घूमकर गलियों में अपना व्यवसाय करें। ऐसा न करने पर दुबारा सड़क पर अतिक्रमण करने पर नगर पालिका सख्त



ठेलेवाले का चालान काटते नगर पालिका के अधिकारी।

कार्यवाही करेगी।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देषन में जीआईसी गेट पर अपनी टीम के साथ पूर्वान्ह 11 बजे पहुंच गये थे। नगर पालिका की अतिक्रमणविरोधी टीम को देखकर ठेलेवाले भागने लगे लेकिन नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रषांत सिंह व मकन्दूगंज के चैकी प्रभारी की सक्रियता से दस दुकानदार व पांच गुमटी वाले गिरफ्त में आ गए जिनसे जुमार्ना वसूला गया। इस अभियान में मकंदूगंज पुलिस चैकी प्रभारी सतीष कुमार के साथ आधा दर्जन पुलिस कर्मी भी थे तथा नगर पालिका के रोड गैंग के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में थे। दो घंटे चले अतिक्रमण विरोधी अभियान में चैक-कचहरी मार्ग पर हड़कंप रहा। ईओ राम अचल कुरील ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान आगे भी चलेगा।

## डीएम के आदेश पर जाँच टीम पहुंची कोराली गांव

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत कोराली के पूर्व ग्राम प्रधान निशा सरोज के कार्यकाल में सत्र 2020-21 में कराये गये बबुल्लापुर गांव से सेख मोहम्मदपुर पुल तक खड़ंजा मरम्मत कार्य के नाम 120531 रु0 व विकास सिंह के घर से प्रभाकर सिंह के घर तक इंटर लाकिंग कार्य के नाम पर 87509 रु0 का भुगतान करा लिया, जिसकी शिकायत वर्तमान ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता ने 12 अप्रैल 2023 को डीएम प्रतापगढ़ को शिकायत पत्र देकर जाँच कराने की मांग की। शिकायत पत्र की जाँच करने गुरुवार की दोपहर जाँच टीम अनुप कुमार के साथ वर्तमान ग्राम पंचायत अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य गांव पहुँचे और ग्रामीणो से पूछताछ किया। जाँच मे मामला सही पाये जाने पर पूर्व ग्राम प्रधान के साथ ब्लाक मुख्यालय मे हड़कंप मचा हुआ है।

# नगर पालिका अध्यक्ष का कल शपथ ग्रहण करेंगे हरिपताप सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह शनिवार को नगर पालिका के शहीद उद्यान में पांचवीं बार शपथ ग्रहण करेंगे। बता दें कि पिछले चुनाव में यह सीट महिला सीट होने के कारण हरिप्रताप सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह नगर पालिकाध्यक्ष बनी थीं। इसके अलावा वर्ष 1995 से लगातार नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन होकर हरिप्रताप सिंह नगर को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बार भी लगभग साढे. दस हजार से जीत दर्ज करने वाले हरिप्रताप सिंह के भव्य शपथ ग्रहण की तैयारी शहीद उद्यान में शुरू कर दी गई है। पांच हजार लोगों के बैठने के लिये वाटरप्रूफ टेंट लगाया जा रहा है और मंच को फूलों से सजाने की योजना है।

## लालगंज में नव निर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों का शपथ ग्रहण आज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत लालगंज की नव निर्वाचित अध्यक्ष अनीता द्विवेदी तथा नव निर्वाचित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आज शुक्रवार को अपरान्ह चार बजे आयोजित किया गया है। नगर के दीवानी वार्ड स्थित नगर पंचायत के नव निर्मित कार्यालय भवन परिसर में एसडीएम उदयभान सिंह अध्यक्ष एवं सभासदों को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण करायेगे। उक्त जानकारी अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने दी है। गौरतलब है कि लालगंज नगर पंचायत में अनीता द्विवेदी लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। नगर की पहली चेयरपर्सन होने के साथ लगातार दूसरी बार चेयरपर्सन का शपथ ग्रहण करने को लेकर अनीता के नाम एक और रिकार्ड बनने की खुशी में उनके प्रशंसको के चेहरे शपथ ग्रहण समारोह को लेकर खिले देखे जा रहे हैं। वहीं शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए गुरूवार को एक दिन पहले कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में आयोजक मशक्कत करते दिखे।

# संगम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने प्रयागराज में किया भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संगम इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा दसवीं के बच्चों को बमरोली, प्रयागराज स्थित भारतीय वायु सेना के म्यूजियम एवं इलाहाबाद संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। सबसे पहले बच्चों को बमरौली स्थित भारतीय वायु सेना के ख्याति प्राप्त म्यूजियम का भ्रमण कराया गया जहां पर भारतीय वायु सेना मुख्यालय प्रमुख प्रवीण उपाध्याय के निर्देशन में सार्जेंट पल्लव साहा द्वारा म्यूजियम का बहुत ही रोचक तरीके से भ्रमण कराया गया।

विभिन्न फाइटर प्लेंस, मिसाइल्स सहित अलग-अलग युद्धों में अपनी वीरता का प्रदर्शन कर अमर हुए वायु सैनिकों की तस्वीरों एवं उनके कृत्यों के विषय में पूरी जानकारी दी गई। बच्चों को प्रोजेक्टर पर भी भारतीय वायु सेना से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई।सार्जेंट पल्लव साहा ने बच्चों द्वारा पूछे गए कई रोचक प्रश्नों के उत्तर दिए। इसके बाद सभी बच्चों को इलाहाबाद संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया, जहां बच्चों ने महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद सहित भारत के कई अनाम शहीदों के विषय में पूरी जानकारी हासिल की। इसके अलावा भारतीय पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक गरिमा से जुड़ी वस्तुओं का भी सूक्ष्म अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा एवं आशीष मिश्र, वैभव सेंगर, सुषमा पटेल, रेनू सिंह एवं शालिनी रावत बच्चों के साथ मौजूद थे।

## संतोष दुबे के निधन पर राजा भइया व गोपाल ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल परिवार के सदस्य राजा भइया एवं गोपाल भइया के करीबी पूर्व सभासद संतोष दुबे के आकस्मिक निधन पर राजा भइया, गोपाल भइया एवं जनसत्ता दल परिवार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे एवं शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। यह जानकारी एमएलसी के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने दी।

# अधिकारियों के सख्त तेवर के बाद मॉडल तालाब में भरवाया गया पानी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वर्षो से सूखे पड़े मॉडल तालाब में अधिकारियो के सख्त तेवर के बाद

## लालगंज मुख्यालय का है मामला

पानी भरवा दिया गया। अब पशु-पक्षियों के साथ ही मवेशी अपनी प्यास बुझा सकेंगे। स्थानीय ब्लॉक परिसर स्थिति मॉडल तालाब का सौंदरीकरण पिछले वर्ष शुरू कराया गया। लेकिन लापरवाही के चलते वर्ष बीत गया फिर भी



मॉडल तालाब में भरा पानी।

तालाब का कार्य पूर्ण नही हो सका। इसी चक्कर में पिछले वर्ष से ही तालाब जलविहीन पड़ा हुआ था। बेजुबान पानी के लिए दर-दर भटक रहे थे। जबकि प्रशासन ने सभी तालाबों में पानी भरवाने के लिए फरमान सुनाया था लेकिन इसका असर ब्लॉक मुख्यालय पर ही नही दिखाई दे रहा था। गावों की बात तो दूर की थी। इस समस्या को जब प्रकाशित किया तो जिम्मेदारों के बीच हड़कंप मच गया। वही खबर को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ व खंड विकास का प्रभार देख रहे एसडीएम तनवीर अहमद ने सख्त तेवर दिखाया और तालाब में पानी भरवाने के लिए कहा। ब्लॉक के जिम्मेदारों ने साफ-सफाई कराकर आनन-फानन में पानी को भरवा दिया। अब पशु-पक्षियों के साथ मवेशी अपनी प्यास को बुझा सकेंगे। जब कि तालाब का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। ब्लॉक मुख्यालय पर इस तरह की लापरवाही को लेकर आम लोगो में खासी चर्चा बनी हुई थी।

## एसपी ने कई निरीक्षकों व उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा कई निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया गया जिसमें उ0नि0 वरुण प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर से प्रभारी चैकी जेल, थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना लालगंज से प्रभारी चैकी रानीगंज कैथोला, थाना लालगंज, उ0नि0 सत्येन्द सिंह पुलिस लाइन से थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 राधेकृष्ण पुलिस लाइन से थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 राजेश राय महिला थाना से थाना कोतवाली नगर, उ0नि0 मदन मोहन पुलिस लाइन से देल्हूपुर, उ0नि0 वकील राम राजभर पुलिस लाइन से थाना देल्हूपुर व उ0नि0 जय प्रकाश सरोज पुलिस लाइन से देल्हूपुर भेजे गये। इसके अलावा निरी0 अजीत कुमार शुक्ल प्र0नि0 थाना कोहड़ौर से पुलिस लाइन, निरी0 प्रदीप कुमार पुलिस लाइन से प्र0निरी0 थाना कोहड़ौर, निरी0 विजयकान्त सत्यार्थी प्र0नि0 उदयपुर से पुलिस लाइन, निरी0 मनोज कुमार अति0निरी0 अपराध थाना सांगीपुर से प्र0नि0 थाना सांगीपुर, उ0नि0 निकेत उपाध्याय प्र0चैकी रानीगंज कैथौला, थाना लालगंज से थानाध्यक्ष थाना उदयपुर भेजे गये।

## अनिरुद्ध पांडेय को भाजयुमो ने किया सम्मानित



अनिरुद्ध पाण्डेय को सम्मानित करते भाजयुमो पदाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के रानीगंज तहसील के बसीरपुर गांव निवासी अनिरुद्ध पांडेय का चयन यूपीएससी परीक्षा में आईएएस के पद पर हुआ है। अनिरुद्ध की सफलता पर आज भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह अपनी टीम के साथ आज उनके प्रयागराज शहर के टैगोर टाउन स्थित आवास पर पंहुंचकर मां बेल्हा देवी का चित्र व बुके भेंट कर मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान नितीश श्रीवास्तव, अविनाश, चंद्र प्रताप, अनिल कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में लगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**प्रतापगढ़।** महुली स्थित वृद्धाश्रम में आयुष आपके द्वार चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गो के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस दौरान लोगों का ब्लड प्रेशर, बुखार आदि चेक किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ सरोज शंकर राम के निर्देशन मे डा अवनीश पाण्डेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, रामापुर द्वारा 72 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डा अवनीश ने बताया कि आगामी योग दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम मे एक सप्ताह योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# प्राचार्य की सक्रियता के कारण नकल विहीन परीक्षा संम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में चल रही परीक्षा बी ए तृतीय वर्ष वार्षिक परीक्षा, बी ए द्वितीय सेमेस्टर एवं बी ए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुई।

बताते चलें कि आज शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र आदि आदि विषयों की परीक्षा संम्पन्न हुई नकल बिहीन परीक्षा कराने में केंद्राध्यक्ष से लेकर समस्त स्टाफ पूरा मुस्तेदी से लगा हुआ है। कालेज गेट की तलाशी से लेकर कमरों तक की तलाशी में प्राचार्य एवं उड़ाका दल विशेष सक्रिय है। केंद्राध्यक्ष-प्रोफेसर डॉ0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य डा0 शैलेन्द्र मिश्र।

का कहना है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की गरिमा नही गिरने दूंगा जो आदेश कुलपति का है पूरा पालन होगा। हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में कई सेंटर जोड़े गए हैं जैसे-भागवत दत्त पी जी कालेज, ओम घुश्मेश्वर नाथ कालेज, रज्जू देवी महाविद्यालय आदि कालेज जोड़े गए हैं, जिनकी परीक्षा संम्पन्न हो रही है। आज प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा में उपस्थित 550 छात्रों ने परीक्षा दी, 40 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

## अवसान देवी का विधिविधान से हुआ पूजन अर्चन, लोक मंगल की कामना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में गुरूवार को सामूहिक दुरदुरैया कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमडी दिखी। कार्यक्रम में नव निर्वाचित चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के संयोजन में महिलाओं ने अवसान देवी का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। देवी मां से लोक कल्याण के साथ चेयरपर्सन अनीता ने नारी सशक्तीकरण के मंत्र को फलीभूत होने को लेकर सामूहिक प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल हुयी। सुहागिनों ने अवसान देवी से अपने सुहाग के दीर्घ जीवन के साथ सामाजिक कल्याण की भी मन्नतें मांगी। सह संयोजिका जावित्री देवी व ममता ने श्रद्धालु महिलाओं का रोली अभिषेक किया। आयोजन समिति द्वारा देवी भक्तों को महाप्रसाद भी वितरित किया गया।

# बच्चों की शिक्षा के लिये दिया गया कम्प्यूटर व प्रिंटर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सामाजिक दायित्व के निर्वहन में ईमानदार भूमिका निभाने वाले राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन केसीएन क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज की आवश्यकताओं को पहचान कर उसे पूरी करने की कोशिश करना है। अपनी इसी भूमिका के क्रम में केसीएन क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण के साथ आम आदमी से जुड़ी अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास करता रहता है। देशभर में फैले संगठन के लोग स्थानीय स्तर पर भी सामाजिक गतिविधियों में शरीक होकर




कम्प्यूटर व प्रिंटर भेंट करते आयोजकगण।

यथासंभव सहयोग करते रहते हैं। केसीएन क्लब अपने 34 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के आशादीप विद्या मंदिर हाई स्कूल के बच्चों की जरूरत के अनुरूप आधुनिक शिक्षा सुलभ कराने में सहयोगी कंप्यूटर व प्रिंटर निशुल्क भेंट कर समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर आयोजित कवि सम्मेलन में क्लब के संरक्षक शोभनाथ त्रिपाठी व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्र त्यागी सहित तमाम पदाधिकारियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कवि के रूप में प्रभु नाथ चतुर्वेदी, डी एस पाठक, दीपक श्रीवास्तव, शेखर तिवारी, नवरात्र मिश्रा, सूर्यजीत मौर्य आदि ने अपनी सामयिक रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

# वीडियो कॉल से बौखला गया था मंगेतर राकेश

## अवैध सम्बन्धों की आशंका से था खफा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कठार गांव में बुधवार की भोर में हुई हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं 25 जून को युवती की शादी होने वाली थी लेकिन पिता ने अपनी बेटी की डोली के बजाय उसकी अर्थी उठाई तो लोगों की आंखें नम हो गई। अवैध संबंध की आशंका में हत्या से तरह-तरह की चर्चा रही। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हत्यारोपी ने हत्या की बात कबूल लिया और बताया कि उसे इस बात की आशंका थी कि उसकी होने वाली पत्नी करिश्मा सिंह का किसी के साथ अफेयर चल रहा है जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर पाया। फोन करने पर बार-बार कॉल वेटिंग बताने से भी वह नाराज चल रहा था। बता दें कि कटरा मोहनगंज का रहने वाला राकेश उर्फ रिंकू की शादी कठार गांव की करिश्मा से हुआ था। दोनों के बीच में शादी तय होने के बाद मोबाइल से बातचीत होने लगी और तभी से दोनों के बीच में बीच-बीच में रिश्ते में खटास आना शुरू हो गया लेकिन घरवालों की हस्तक्षेप के बाद मामला शांत होता गया लेकिन दोनों के बीच में सब कुछ ठीक नहीं था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में इलाज के बाद राकेश उर्फ रिंकू ने अपनी होने वाली पत्नी करिश्मा की हत्या की बात कबूल किया और उसने बताया कि वह पटियाला में था उसने वीडियो कॉल पर बात करने के लिए कहा करिश्मा ने जब वीडियो कॉल किया तो राकेश ने उसे आपत्तिजनक अवस्था में देख लिया जिसके बाद वह पटियाला से सीधा रात में कठार गांव उसके घर पहुंच गया और गोली मारकर हत्या कर दी।

## एक महीने बची थी शादी, खुशियां मातम में बदली

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 25 जून को करिश्मा की शादी थी लेकिन ठीक एक महीने पहले जो कुछ हुआ वह रिश्ता तय हो जाने के बाद मयार्दा लांघने के दुष्परिणाम को भी बताता है दोनों आपस में बातचीत करते थे हत्यारोपी के विरुद्ध मृतका के पिता चंद्रभान ने तहरीर दिया तो पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया उसने हत्या की बात तो कबूल की लेकिन वह असलहा कहां से पाया, इसे नहीं बताया। वहीं तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी करिश्मा के मौत के बाद उसकी छोटी बहन शिवानी 15 और सबसे छोटा बेटा शिवा का रो रो कर बुरा हाल है। अभी तक शादी की तैयारियां चल रही थी लेकिन मातम में घर का माहौल तब्दील हो गया।

## खबर संक्षेप

### चोरी की तीन बाइक के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दुगार्पुर मोड़ नेवादा से तीन अभियुक्त सुभाष सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी लोधौर थाना पिपरी शैलेन्द्र कुमार पुत्र मन्नी लाल निवासी अमावां थाना सराय अकील एंव मेराज अहमद पुत्र अजीमउल्ला निवासी मुस्तफाबाद को गिरफ्तारी किया गया जिनके कब्जे से तीन अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### गौकसी का अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अम्बास अली पुत्र सौकत अली निवासी बागवन्ती हालपता लेहरी थाना कड़ाधाम को लेहदरी पुल के पास से एक अदद बछड़ा तथा गौ हत्या करने के सामान (चाकू, रस्सी. लकड़ी का ठीहा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



बवाल के समय मौजूद हमलावर



खूनी संघर्ष के बाद गांव में पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करते डीएम एसपी



खूनी संघर्ष के बाद गांव में तैनात पुलिस फोर्स

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, जमकर चले ईंट पत्थर, कई लोग लहूलुहान

## एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल छावनी में तब्दील हुआ गांव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ है,विवाद के बाद घरों पर जमकर ईंट पत्थर चले और मारपीट हुई है,मारपीट और पत्थरबाजी में एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है,बवाल की आशंका और मामले की गंभीरता को लेकर भरी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।गांव में जिला अधिकारी अपर जिला अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है एक बच्ची की हालत गंभीर बताई जाती है। घटना क्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज गांव में भोला केसरवानी मकान का निर्माण करा रहे थे,जिसका मलबा उन्होंने अपने घर के बाहर रखा हुआ था,जिसको लेकर पड़ोस के ही हसीन अहमद के पुत्र शानू रानू सेबू आदि मुस्लिम वर्ग के कुछ लोगो ने विवाद किया ,विवाद के दौरान दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हुइ और ईंट पत्थर चले,मारपीट और पत्थरबाजी में एक पक्ष के राधना साहू पुत्री बसंत लाल वा दीपू वर्मा पुत्र शिव शंकर वर्मा वा शिव बाबू वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा वा भोला केशरवानी पुत्र बाबूलाल वा विकास केसरवानी पुत्र भोलानाथ वा सुरेश प्रजापति पुत्र बुधई लाल वा अनुज वर्मा पुत्र शिव शंकर लाल वा पप्पू केसरवानी पुत्र शंकरलाल सहित कई लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद गांव में बवाल की आशंका को लेकर जिला अधिकारी सुजीत कुमार अपर जिला अधिकारी जयचंद पांडे अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा,कोखराज थाना सहित भारी मात्रा में पुलिस और पीएसी फोर्स गांव पहुंची है और कांबिंग की। एएसपी समर बहादुर सिंह ने बताया कि कोखराज गांव में दो पक्षों में बकरी जाने और मकान का मलबा रखने को लेकर विवाद हुआ है,जिसमे कई लोग घायल हुए है, लेकिन किसी को गंभीर चोट नहीं है।दोनो पक्षों को थाना पर लाया गया है,तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है,जांच के बाद जो भी तथ्य प्रकाश में आयेंगे उस आधार पर कार्यवाई की जायेगी। हमला करने के बाद शानू रानू सेबू सहित कई हमलावर मौके से फरार है।





# अपर जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, खनन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत एवं नगर निकायों से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सहायक आयुक्त वाणिज्यकर को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दियें। उन्होंने मण्डी सचिव द्वारा प्रवर्तन कार्य में लापरवाही बरतने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रवर्तन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्हांने विभागवार आर0सी0 वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आर0सी0 वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय के माध्यम से कौषल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र ओसा चौराहा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों यथा-यजाकी इण्डिया प्रा0लि0 हरियाणा में 15 तथा जी-4 सिक्योर सॉल्यूषन प्रा0लि0 में 03 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने दी।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त शेखर पटेल उर्फ चन्द्रसेन पटेल पुत्र धर्मराज पटेल निवासी हिसामपुर परसखी थाना कोखराज को टेढी मोड तिराहा सहजादपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त इन्द्रराज पुत्र सर्वेश कुमार निवासी हिसामपुर बहरेमऊ दुबरा थाना मंझनपुर को समदा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त लाल बाबू पुत्र राम सरोज निवासी महेवाघाट थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**
**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा तीन वांछित अभियुक्त हसीन अहमद पुत्र लड्डन पुत्र रईस अहमद आकिब जाफरी पुत्र इकबाल अहमद व अयाज अहमद पुत्र नियाज अहमद निवासीगण कोखराज उपरहार थाना कोखराज तथा अभियुक्त सचिन केशरवानी पुत्र भोला केशरवानी निवासी कोखराज उपरहार थाना को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



# अच्छे अंक से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

पुरामुफ्ती पब्लिक स्कूल में मेडल, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** प्रयागराज एवं कौशाम्बी जनपद के बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के छात्र /छात्राएं 90 प्रतिशत या फिर उससे अधिक अंक हासिल करने में सफल रहे। विद्यार्थियों को यूपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर कालेज प्रांगण में सम्मानित किया गया। हाई स्कूल एवं इंटर में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्या की देवी माँ सरस्वती की तस्वीर पर पूजा, अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना स्तुति के बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. प्रभु शंकर शुक्ला भारत सरकार में रेलवे बोर्ड के पूर्व सलाहकार सदस्य रह चुके हैं और वह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहें। उन्होंने छात्र/ छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण श्रेष्ठ नागरिकों से होता है और श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण करना विद्यालयों का दायित्व होता है। प्रधानाचार्य डा. श्वेता जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए डा. प्रभु शंकर शुक्ला को अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय टापर चार्टर अकाउंटेड प्रहस्त शुक्ला कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किए। इस अवसर पर कालेज की लीडर पिंकी यादव एवं एजुकेशन इंचार्ज बेबी फरीदा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कालेज प्रांगण छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से खचाखच भरा रहा। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बार एसोसिएशन चायल के अध्यक्ष चुने गए जगजीत यादव

तीन अलग अलग पदों के लिए मंगलवार को हुआ था चुनाव



**कौशांबी।** चायल तहसील के चायल बार एसोसिएशन का चुनाव मंगलवार को प्रशासन की देख देख में सकुशल संपन्न हुआ था इस चुनाव में तीन अलग अलग पदों के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में थे। मंगलवार को हुए चुनाव की मतगणना बुधवार को तहसील के अधिवक्ता सभागार में हुई जिसमे अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जगजीत शिव एडवोकेट को 79 जबकि उनके प्रतिद्वंदी गोविंद सिंह एडवोकेट को 31 मत मिले और जगजीत एडवोकेट ने बढ़त बानकर जीत दर्ज की जबकि महामंत्री पद के उम्मीदवार राजेश्वर यादव को 67 मत मिले तो उनके प्रतिद्वंदी योगेश त्रिपाठी को 47 मत मिले तो कोषाध्यक्ष के उम्मीदवार अजीत सिंह एडवोकेट 95 मत व उनके प्रतिद्वंदी राकेश पाल को 38 मत मिले और अजीत सिंह एडवोकेट को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए बार एसोसिएशन चायल में पांच साल बाद मंगलवार को अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव आयोजित हुआ। इन प्राईयाशियों के लिए नामांकित 139 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमे 136 मतदाताओं में मंगलवार को मतदान किया है और बुधवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मतगणना हुआ इस दौरान एल्डर कमेटी के रूप में उमाकांत मिश्रा, कमल नारायण मिश्रा, अमरनाथ सिंह, मनोज साहू और रिजवान अहमद मौजूद रहे।

### स्काउट और गाइड प्रथम सोपान प्रशिक्षण जांच शिविर का हुआ शुभारंभ



**कौशाम्बी।** एम बी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज ओसा मंझनपुर में दिनांक 24 मई बुधवार को भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश कौशांबी के तत्वाधान मे प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम बी कान्वेंट स्कूल एण्ड कॉलेज के प्रधानाचार्य के डी सिंह रहे मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम शुभारंभ से पहले सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया मनीष कुमार स्काउट मास्टर ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के डी सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड ऐसी शिक्षा है जो बच्चों को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करता है और निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने के लिए हमेशा समर्पित व तत्पर रहता है स्काउट और गाइड ने स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, शिविर के नियम ,व ध्वज शिष्टाचार प्रार्थना झंडा गीत , टोली नामकरण के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट जनपद कौशांबी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा सिंह उप प्रधानाचार्य, प्रशिक्षक मनीष कुमार स्काउट मास्टर,नम्रता विश्वकर्मा गाइड कैप्टन संदीप कुमार सिंह व प्रतिज्ञा वर्मा उपस्थित रहे।

### नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

**कौशाम्बी।** अधिशासी अधिकरी निशांक भाष्कर ने नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यालय के कर्मचारियों व सम्मानित नागरिकों ने नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी को फूलों की माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने कहा कि नगर का विकास और लोगों की समस्या का निदान करना मेरी प्राथमिकता होगी। आपको बता दें कि अधिशासी अधिकरी सुनिल कुमार सिंह के स्थानांतरण के बाद शैलेंद्र कुमार मिश्रा को अधिसूचना लगने से पूर्व नगर पंचायत का प्रभारी अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया गया था लेकिन जैसे ही अधिसूचना हटाई गयी शासन ने स्थाई रूप से निशांक भाष्कर की नियुक्ति नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा मे अधिशासी अधिकरी के रूप मे कर दिया। निशांक भाष्कर ने बुधवार को कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्य भार ग्रहण कर लिया ।कार्यालय के सभी कर्मचारियों से परिचय करने के साथ ही उनके कार्य की भी जानकारी प्राप्त की कार्यालय से निकल कर अधिशासी अधिकरी सीधे गौशाला पहुंचे, जहाँ गायों को गुड और पूडी खिलाकर उनका आशीर्वाद लिए । इस अवसर पर चेयरमैन पति संजय सरोज हीरेन्द्र सिंह अशोक सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### 3 नगर पंचायत में 26 मई को,अन्य 2 नगर पालिका और 5 नगर पंचायत का 27 मई को होगा शपथ ग्रहण

**कौशाम्बी।** जिले में दो नगर पालिका परिषद एवम आठ नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम सदस्यो का शपथ ग्रहण होना है कार्यक्रम की तारीख 26 मई और 27 मई निर्धारित की गई है डीएम सुजीत कुमार ने इसके लिए सभी नगर पालिका एवम नगर पंचायतों को पत्र भेजकर सभी नवविर्वाचित अध्यक्ष एवम सदस्यो को शपथ दिलाए जाने का निर्देश किया जारी। नगर पंचायत चायल,नगर पंचायत चरवा और नगर पंचायत सराय अकिल के सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम सदस्यो का 26 मई को शपथ ग्रहण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है वही नगर पालिका परिषद भरवारी,नगर पालिका परिषद मंझनपुर,नगर पंचायत करारी,नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा,नगर पंचायत सिराथू,नगर पंचायत अझुवा,नगर पंचायत कड़ा धाम दारानगर के सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम सदस्यो का 27 मई को शपथ ग्रहण कार्यक्रम निर्धारित किया गया सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवम सदस्यो के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए डीएम सुजीत कुमार ने पत्र जारी कर निर्देश दिया है।

### जिला पर्यावरण वृक्षारोपण जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की सीडीओ ने की बैठक



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 राम सिंह यादव ने बताया कि वषार्काल 2023 में पौधारोपण कराया जाना है, जिस पर सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पौधारोपण के लिए भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दियें। उन्होंने नियमित रूप से गंगा आरती कराने तथा गंगा घाट की नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को गंगा नदी के किनारे वृक्षारोपण एवं जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने के निर्देश दियें। बैठक में शासन के निदेर्शानुसार पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन लाईफ के अन्तर्गत जनसहभागिता एवं संवेदीकरण के लिए दिनांक 05 जून 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया बैठक में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं डी0सी0 मनरेगा मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### सड़क के किनारे पड़े मिले शादी कराने गए पुरोहित, इलाज के दौरान हुई मौत

**कौशाम्बी।** जिले में शादी कराने गए पुरोहित वृहस्पतिवार की सुबह सड़क के किनारे बेहोसी की हालत में पड़े मिले,राहगीरो ने पुरोहित को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुरोहित की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना करारी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के पास की है जहा नगर पालिका भरवारी के बिसारा निवासी अयोध्या प्रसाद तिवारी (42) पुत्र चंद्र नारायण तिवारी खेती किसानी के साथ पुरोहित का भी कार्य करते हैं। बुधवार की शाम वह बिसारा के लाल चंद्र पाल के बेटे की शादी कराने करारी क्षेत्र के एक गांव गए थे। वृहस्पतिवार की सुबह गुवारा दरियापुर के बीच सड़क के किनारे रोड पर वह बेहोश पड़े हुए थे। उधर से गुजर रहे राहगीर उन्हे इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल ले गए,जहा से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक अयोध्या प्रसाद के भाई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि एक युवक ने फोन कर दस बजे बताया कि ये बीमार है, दरियापुर चौराहे पहुचे तो वहा के डॉक्टर ने जिला अस्पताल ईलाज के लिए भेज दिया जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई, आशंका है कि मेरे भाई की हत्या की गई है पुरोहित की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजन रोते हुए अस्पताल पहुंचे परिजनो की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना संदीपनघाट से दोथाना से दो थाना सैनी से एक थाना सराय अकिल से दो थाना करारी से तीन थाना कड़ाधाम से एक कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# क्षेत्र के विकास एवं जनहित के लिए प्रयास आजीवन जारी रहेगा : अजय सोनी

## सिराथू व मंझनपुर क्षेत्र की करीब दो दर्जन नवीन सड़कों के नवनिर्माण हेतु सकिपा ने सीडीओ को सौपा मांगपत्र

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे बुधवार को सिराथू और मंझनपुर ब्लॉक के करीब दो दर्जन कच्चे मार्गो को पक्के मार्गों में परिवर्तित होने के लिए पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी के कार्यकताओं ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी को एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में क्षेत्र के विकास और जनहित के लिए करीब दो दर्जन से अधिक नई सड़कों के नवनिर्माण कराए जाने की मांग की गई। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के कई कार्यकर्ता पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में विकास भवन मंझनपुर में एकजुट हुए। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने सिराथू और मंझनपुर क्षेत्र की कई कच्ची सड़को से लोगो को आवागमन में हो रही परेशानियों पर परिचर्चा की। इसके बाद पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें सिराथू और मंझनपुर क्षेत्र में करीब दो दर्जन नई सड़कों के नवनिर्माण हेतु एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू और मंझनपुर क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक नई सड़कों की नवनिर्माण कराए जाने की मांग की गई जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने जल्द ही समुचित कार्यवाही कराए जाने की आश्वासन दिया है। मुख्य रूप से सिराथू ब्लॉक की ग्राम खनवारी से कमासिन माता मंदिर सड़क, ग्राम चकिया मजरा मलाक पिंजरी से ग्राम जगदीशपुर, ग्राम ग्राम तुलसीपुर से नहर होकर गोसाइंतारा, ग्राम महंदापुर मजरा नारा से ग्राम फैजलीपुर, ग्राम हिसामबाद से करारी माइनर नहर, ग्राम बरातफरीक से करारी माइनर नहर, ग्राम जगन्नाथपुर से गंदा नाला होकर ग्राम अनेठा, ग्राम उदहिन बुजुर्ग से कैमा माइनर होकर ग्राम कैमा आदि और मंझनपुर ब्लॉक की ग्राम पासिनहार से ग्राम मडूकी, ग्राम महुआखाड़ा से खोरा सड़क आदि सड़के शामिल थीं।

इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के लिए मेरा आजीवन प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, जयसिंह पटेल, फूलचंद्र लोधी, परिहार लोधी, मोहन लाल सरोज, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

# खाताधारक के खाते से रुपए निकालने के मामले की फिर शुरू हुई विवेचना

## दलाल के सांठगांठ से बैंक खाता से रुपए निकालने के आरोप में तत्कालीन शाखा प्रबंधक को पुलिस भेज चुकी है जेल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा देवीगंज में 8 मार्च 2013 को कांति देवी व उनकी सास राम सवारी के बैंक खाते से विड्राल फार्म भरकर दोनों के अलग-अलग खाते से 2600 रुपए और 2600 रुपए निकाल लिए गए थे मामले की शिकायत कांति देवी ने पुलिस से की थी लेकिन 4 वर्षों तक पुलिस ने मामले में सुनवाई नहीं की काफी भागदौड़ और पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद 4 जुलाई 2017 को पुलिस ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक हरीश चंद्र पांडेय निवासी करैली प्रयागराज और अज्ञात दलाल लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित विभिन्न गम्भीर धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 379 सन 2017 दर्ज कर लिया पुलिस ने मामले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक हरीश चंद्र पांडेय निवासी करेली प्रयागराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मामले में कांति देवी और उनकी सास राम सवारी लगातार पुलिस अधिकारियों से लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाती रही लेकिन दलाल का नाम बताए जाने के बाद भी प्रकाश में नहीं आ सका और पुलिस ने बिना दलाल का नाम उजागर किए तत्कालीन शाखा प्रबंधक के बिरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया आरोप पत्र दाखिल किए जाने के बाद अदालत में परिवाद दाखिल कर कांति देवी ने मुकदमा की विवेचना फिर से कराए जाने का निवेदन किया लेकिन आवर न्यायालय ने 1811 2022 को मुकदमे को खारिज कर दिया। जिस पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या 5 के न्यायालय में कांति देवी ने 1811 2022 के आदेश के बिरुद्ध दण्डिक निगरानी मुकदमा दाखिल किया अवर न्यायालय के आदेश के विरुद्ध दाखिल किए गए मुकदमे की सुनवाई करते हुए अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश न्यायलय संख्या 5 ने दण्डिक निगरानी संख्या 178 सन 2022 के मुकदमे में फिर से विवेचना कर दलाल का नाम प्रकाश में लाने का निर्देश जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को दिया है वादिनी कांति देवी के मुताबिक तत्कालीन ग्राम प्रधान नियाज अहमद तत्कालीन शाखा प्रबंधक हरीश चंद्र पांडेय प्रमोद शुक्ला और सुविधा दाता यासीन निवासी अहमदगंज कड़ा के साथ मिलकर उनके बैंक खाते से फर्जी विड्राल फार्म भरकर 2600 रुपए और उनकी सास राम सवारी के बैंक खाते से फर्जी विड्राल भरकर 2600 रुपए निकाल लिया था गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हरिशचंद पांडेय शाखा प्रबंधक के भाई ने पुलिस को पत्र देकर बताया कि उनका भाई अगस्त 2011 से मई 2013 तक शाखा प्रबंधक रहे हैं उनका कहना है कि तत्कालीन ग्राम प्रधान नियाज अहमद और सुविधा दाता यासीन ने मिलकर धोखाधड़ी फ्राड किया है उनके भाई शाखा प्रबंधक निर्दोष हैं शाखा प्रबंधक के भाई की बातों को विवेचक ने सत्य मान लिया तो तत्कालीन ग्राम प्रधान नियाज अहमद और सुविधा दाता यासीन की मुश्किलें बढ़ना तय है।

### कौशांबी पुलिस ने विधायक राजू पाल के हत्यारोपी को लिया रिमाण्ड पर

**कौशाम्बी।** अतीक अहमद गिरोह के सक्रिय सदस्य वांछित इनामिया प्रयागराज शहर के विधायक राजू पाल हत्याकांड के अभियुक्त अब्दुल कवी पुत्र अब्दुल गनी निवासी थाना सराय अकिल जो मु0अ0सं0 34/2005 धारा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज व सीबीआई के आर्म्स एक्ट में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रदूषण सीबीआई जनपद लखनऊ के समक्ष दिनांक 05 अप्रैल 2023 को आत्मसमर्पण कर जिला कारागार जनपद लखनऊ में निरूद्ध है जो थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी के मुकदमा आर्म्स एक्ट व 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व 216 भादवि में भी वाछित था जिसको उपरोक्त मुकदमे में तलब करने हेतु न्यायालय सीजेएम कौशाम्बी वारण्ट-बी जिला कारागार जनपद लखनऊ को तामिला कराया गया था। अभियुक्त अब्दुल कवि उपरोक्त को जिला कारागार जनपद लखनऊ से न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी लाया गया विवेचकगण द्वारा अभियुक्त अब्दुल कवी उपरोक्त का वारण्ट बनवाकर मुकदमा उपरोक्त में रिमाण्ड लिया गया अभियुक्त उपरोक्त को पुनः जिला कारागार जनपद लखनऊ भेजा गया।

संपादकीय

# यूपीएससी परीक्षा परिणाम- हिंदी की बढ़ती ताकत

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की साल 2022 के परीक्षा के नतीजों का गहराई से विश्लेषण हो रहा है। यह हर साल होता ही है नतीजे आने के बाद। पर इस तरफ कोई चर्चा नहीं हो रही कि इस बार सफल हुए अभ्यार्थियों में हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वालों का आंकड़ा शानदार रहा है। यह पिछले 20-25 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। इस बार हिंदी माध्यम से कुल 54 उम्मीदवारों का चयन हुआ हैं, जिनमें रैंक -66,85,89,105 और 120 प्रमुख हैं। यूपीएससी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में हिंदी माध्यम के विद्यार्थी पिछले कुछ सालों से लगातार अपेक्षित नतीजे नहीं दे पा रहे थे। चाहे बात चयनित विद्यार्थियों की हो या टॉप रैंक की, हिंदी माध्यम हमेशा से संघर्ष करता रहा है। इसलिए कहा जाने लगा था कि हिंदी माध्यम से देश की इस सबसे खास परीक्षा को उत्तीर्ण करना लगभग असंभव है। लेकिन इस साल 2022 के परिणाम बेहतरीन रहे हैं। ये एक तरह से बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा कर रहे हैं।

पिछले साल आए 2021 के परिणाम में हिंदी माध्यम वाले 24 उम्मीदवार सफल हुए थे। यानी हिंदी का ग्राफ धीरे-धीरे सुधर रहा है। हिंदी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं। दिव्या तंवर ने इस बार 105वीं रैंक हासिल की है। 2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और सबसे कम उम्र ( सिर्फ 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं। दरअसल इस बार के नतीजों में सबसे खास बात यह है कि हिंदी के माध्यम से परीक्षा देने वाले 54 उम्मीदवारों में से 29 ने वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी साहित्य लेकर यह कामयाबी हासिल की है। पांच-पांच उम्मीदवार ऐसे भी सफल हुए जिन्होंने इतिहास, भूगोल व राजनीति विज्ञान विषय लिया था। दो छात्रों ने गणित विषय लेकर हिंदी माध्यम से सफलता हासिल की, जिनमें से एक ने 120वीं रैंक हासिल की है।

अगर बात पिछले साल की जारी रखें तो राजस्थान के रवि कुमार सिहाग 18वीं रैंक के साथ हिंदी मीडियम से परीक्षा देने वालों में टॉपर बने थे। सात साल के बाद हिंदी माध्यम का कोई छात्र यूपीएससी पास करने वाले शीर्ष 25 उम्मीदवारों में जगह बना पाया था। इससे पहले सिविल सेवा की 2014 की परीक्षा में निशांत कुमार जैन 13वें स्थान पर रहे थे। मैं आगे बढ़ने से पहले बताना चाहता हूं कि भारत के पूर्व विदेश सचिव शशांक संभवतः देश के हिंदी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा को क्लीयर करने वाले पहले उम्मीदवार थे। वे भारत के बहुत सफल विदेश सचिव के रूप में याद किए जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली पुलिस के आला अफसर अजय चौधरी ने भी हिंदी को यूपीएससी में परीक्षा देने का माध्यम बनाया था। वे दिल्ली पुलिस के धाकड़ पुलिस रहे हैं।

देखिए, इस बेहतर परिणाम में सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी के लिये कोचिंग देने वाले दृष्टि आईएएस संस्थान का विशेष योगदान है। इस बार हिंदी माध्यम से चयनित 54 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के किसी न किसी स्तर पर दृष्टि संस्थान से जुड़े रहे हैं। यहां के प्रमुख विद्वान डॉ. विकास दिव्यकीर्ति कहते हैं कि हमने कुछ साल पहले हिंदी माध्यम के परिणाम को सुधारने के लिए कई पहलों की शुरूआत कर दी थी। जैसे कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को दिल्ली में रहने और पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'अस्मिता' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अलावा परिणाम में सुधार करने के लिए हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को विशेष तौर पर मेंटरशिप और लाइब्रेरी की सुविधा भी दी जा रही है। इन्हीं तमाम प्रयासों का परिणाम रहा है कि आज इतना बेहतर हो सका है और उम्मीद है कि परिणाम भविष्य में और बेहतर हो सकेगा।

बहरहाल, अभी कहना थोड़ी जल्दी ही होगी कि यूपीएससी पैटर्न में 2013 में हुए बदलाव के बाद, हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वाले श्रेष्ठ प्रदर्शन करने लगे। यह भी कहा जा रहा है कि इस बार के परिणाम, बदलाव के बाद के सालों में बेहतर है, लेकिन यह अपवाद भी हो सकता है।

अगर बात हिंदी से हटकर करें तो जो अभ्यार्थी आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और अन्य सेवाओं में जाएंगे उनसे देश को अनेक उम्मीदें रहेंगी। उनसे पहली अपेक्षा तो यही होगी कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार के जनकल्याण के कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाएं। देखिए, सरकार की तरफ से आने वाली योजनाओं को लागू करने का काम तो अफसरों पर ही निर्भर होता है। उन्हें यह देखना होता है कि सरकारी कार्यक्रम सही से लागू हों। इस मोर्चे पर बहुत से अफसर निकम्मे ही साबित होते हैं।

पर, सरकार को अपने ईमानदार अफसरों के साथ हमेशा खड़ा होना होगा। कई बार ईमानदार अफसरों को जान से भी हाथ धोना पड़ा है। आपको याद होगा कि कुछ साल पहले चंडीगढ़ से सटे खरड़ शहर में जोनल लाइसेंसिंग अथॉरिटी में अधिकारी नेहा शौरी की उनके दफ्तर में गोली मार कर हत्या कर गई थी। उस केस ने सत्येंद्र दुबे और मंजूनाथ जैसे ईमानदार सरकारी अफसरों की नृशंस हत्यायों की यादें ताजा कर दी थीं। नेहा शौरी एक बेहद मेहनती और ईमानदार सरकारी अफसर थीं। बेईमानों को छोड़ती नहीं थीं। इसका खामियाजा उन्हें जान देकर देना पड़ा। नेहा से पहले सत्येंद्र दुबे हों, मंजूनाथ हों या अशोक खेमका, इन्हें ईमानदारी की भारी कीमत अदा करनी पड़ी थी।

# क्या नए संसद भवन का बहिष्कार कर विपक्ष अपनी एकता बताना चाहता है !

**अशोक भाटिया**

**नए संसद भवन** के उद्घाटन समारोह के बॉयकॉट को लेकर 19 राजनीतिक दल एकजुट क्या हुए, कयास लगना शुरू हो गया कि इस मसले पर विपक्षी एकता दिख रही है। इस एकता को 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देखा जाने लगा है। लेकिन यह एकता कितने समय तक टिक पाएगी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कुछ विपक्षी दल इस मसले पर अब धीरे-धीरे केंद्र सरकार का साथ देते हुए नजर आ रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की अगुवाई वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी नए संसद भवन के उद्घाटन के बहिष्कार में विपक्षी दलों के साथ नहीं आएगी। वहीं ओड?शा में नवीन पटनायक की अगुवाई वाली बीजू जनता दल ने भी नए संसद भवन के उद्घाटन में शामिल होने का ऐलान किया है। इसके अलावा भारत राष्ट्र समिति के सांसद गुरुवार को फैसला करेंगे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विपक्षी एकता कितनी मजबूत है।

इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बताया था कि नए संसद भवन में 'सेंगोल' (राजदंड) की स्थापना की जाएगी। शाह ने बताया कि संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही एक ऐतिहासिक परपंरा भी फिर से जीवित होगी। उधर राजनीतिक जानकारों ने तंज कसा है कि सेंगोल की गदा से अमित शाह ने विपक्ष को तितर-बितर करने की कवायद शुरू कर ही है।

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्ष, बीजेपी के खिलाफ लामबंद होने का दावा कर रहा है। विपक्ष का दावा है कि वह बीजेपी को मात देने की तैयारी में जुटा है लेकिन राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विपक्ष एकजुटता का एक मैसेज तक तो देश के आगे रखने सफल नहीं हो पाया है। ऐसे में लोकसभा चुनावों में सीटों के बंटवारा किस आधार पर करेंगे। भले 19 विपक्षी दल समारोह के विरोध में हों, लेकिन कई दल सरकार के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक के. चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नए संसद भवन आयोजन से दूर रहने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए एक अलग बयान जारी करेगी। पिछले कुछ महीनों में विभिन्न मुद्दों पर मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के बावजूद, बीआरएस का संयुक्त बयान का हिस्सा नहीं बनने का फैसला विपक्षी खेमे की खामियों को दशार्ता है। इस साल दिसंबर में होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस, बीजेपी त्रिकोणीय मुकाबले में एक दूसरे के खिलाफ खड़े होंगे। ऐसे में वह विपक्षी एकता से दूरी बनाने में ही भलाई समझ रहे हैं।

कांग्रेस ने पिछले शनिवार को अपने नवगठित कर्नाटक सरकार के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी के शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह में केसीआर को आमंत्रित नहीं किया था। जबकि बीआरएस नेताओं ने लोकसभा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की अयोग्यता की आलोचना की थी और अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग को लेकर संसद में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी के खिलाफ एक साझा मंच पर लाने के अपने प्रयासों के तहत हाल के सप्ताहों में विभिन्न क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से मुलाकात की है। अब तक केसीआर से मिलने से भी परहेज किया है। विपक्षी सूत्रों ने हालांकि कहा कि केसीआर ने पिछले साल अगस्त में पटना में नीतीश से मुलाकात की थी और गैर-बीजेपी मोर्चे के प्रस्ताव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

एक तरफ कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने उद्घाटन का बहिष्कार किया तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार को मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी , चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी , वाईएसआर कांग्रेस, एआईएडीएमके और अकाली दल का समर्थन प्राप्त हुआ। यह तमाम दल उद्घाटन समारोह में शिरकत कर सकते हैं। मायावती ने पहले ही घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उधर सुखबीर बादल की अगुवाई वाला अकाली दल 2021 में मोदी सरकार के तीन अब निरस्त कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध के दौरान एनडीए से बाहर हो गया था। सोमवार को अकाली दल ने भाजपा के साथ फिर से गठबंधन की संभावना की अटकलों को खारिज कर दिया लेकिन अन्य विपक्षी दल उसकी चालों पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने मोर्चा खोला है। 19 राजनीतिक दलों ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप से बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने बिल्डिंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करवाने पर बीजेपी को घेर लिया है। वह इसे राष्ट्रपति का अपमान बता रहे हैं। वहीं उन्होंने उद्घाटन की तारीख पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इस दिन सावरकर की जयंती है।

दूसरा विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री सदन का हिस्सा और शासन प्रमुख होने के नाते अक्सर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं और उन्हें उस तरह की निर्विवाद हैसियत हासिल नहीं होती, जो संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राष्ट्रपति को प्राप्त होती है। लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि इस सुझाव पर विपक्ष को सामान्य स्थिति में कितना जोर देना चाहिए था। क्या इसे इस सीमा तक खींचना जरूरी था कि उस आधार पर समारोह का ही बहिष्कार कर दिया जाए? निश्चित रूप से विपक्ष का यह स्टैंड सहज-स्वाभाविक नहीं कहा जाएगा। यह इस बात का सबूत है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेदों की खाई बहुत ज्यादा चौड़ी हो चुकी है। दोनों के बीच विश्वास का संकट पैदा हो गया है। यही चिंता की सबसे बड़ी बात है।

गौरतलब है कि विपक्षी दलों ने भी अपने संयुक्त बयान में इस बात का संकेत दिया है कि मामला सिर्फ इस एक मुद्दे का नहीं है। सरकार समय-समय पर ऐसे कई कदम उठाती रही है जिन्हें विपक्ष अपने ऊपर हमला या सदन की तौहीन के रूप में देखता रहा है। चाहे बात राहुल गांधी की सांसदी छिनने की हो या तीन कृषि कानूनों को संसद से पारित कराने के ढंग की या फिर दिल्ली में नौकरशाही को हर हाल में अपने अधीन रखने के केंद्र के प्रयासों की, इन सब पर सरकार का अपना पक्ष है और उसके अपने तर्क हैं, लेकिन विपक्ष की भी अपनी शिकायतें हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार की ओर से विपक्ष तक पहुंच कर उसे अपनी बात समझाने या उसका पक्ष समझने की ऐसी कोई कोशिश भी नहीं दिख रही, जिससे विपक्ष को ऐसा लगे कि सरकार को उसकी भावनाओं की फिक्र है। मौजूदा मामले को ही लें तो अगर सरकार विपक्ष को साथ लेते हुए आगे बढ़ती तो ये मुद्दे समय पर उसके संज्ञान में आ जाते और तब बहुत संभव था कि बातचीत से ऐसी कोई राह निकल जाती, जिससे कम से कम बहिष्कार की नौबत नहीं आती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब इस पर सिर्फ अफसोस ही जताया जा सकता है।

अमित शाह कह रहे है कि आजादी के 75 साल बाद भी अधिकांश भारत को इस घटना के बारे में जानकारी नहीं है। 14 अगस्त, 1947 की रात को वह एक विशेष अवसर था, जब जवाहर लाल नेहरू ने तमिलनाडु के थिरुवदुथुराई आधीनम (मठ) से विशेष रूप से पधारे आधीनमों (पुरोहितों) से सेंगोल ग्रहण किया था। पंडित नेहरू के साथ सेंगोल का निहित होना ठीक वही क्षण था, जब अंग्रेजों द्वारा भारतीयों के हाथों में सत्ता का हस्तांतरण किया गया था। हम जिसे स्वतंत्रता के रूप में मना रहे हैं, वह वास्तव में यही क्षण है। इस एतिहासिक 'सेंगोल' के लिए संसद भवन ही सबसे अधिक उपयुक्त और पवित्र स्थान है। ये संसद आज भी है और सालों बाद जब हम में से कोई नहीं होगा, तो उस आने वाली पीढ़ी के भारतीयों को भी ये हमेशा गर्व करने का मौका देगा।

# भारत कौशलता, कुशल बौद्धिक क्षमता का धनी

**किशन भावनानी**

**गोंदिया - वैश्विक** स्तरपर पीएम के 6 दिवसीय 3 देशों के दौरे पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी रही,जिसमें भारतीय कौशलता,नेतृत्व,बौद्धिक क्षमता, सभ्यता संस्कृति, सभ्यता सभी अभूतपूर्व योग्यताओं का एक खास दम दिखा हर भारतीय का सीना गर्व से फूल उठा और महसूस हो रहा है भारत का दुनियां में कौशलता दम दिखा खास, किसी पीएम ने चरण छुए तो किसी ने कहा बॉस। चूंकि अभी भारतीय जनसंख्या विश्व में 140 करोड़ पार कर नंबर वन पर आ चुकी है कि उसी तरह दिनांक 24 मई 2023 को आई मूडीज रिपोर्ट ने कहा कि भारत की जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है और अगले कुछ वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली जी-20 अर्थव्यवस्था होगी।इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत कौशलता, कुशल बौद्धिक क्षमता का धनी है जिसमें सोने पर सुहागा आम जनता की सहभागिता होगा।

साथियों बात अगर हम भारतीय खासियत की करें तो,भारत की सभ्यता, संस्कृति, इतिहास कई हजारों वर्ष पुराना माना जाता है जिसमें विभिन्न सभ्यताएं, साहित्य भाषाई मिठास, उच्च बौद्धिक क्षमता, हस्तशिल्प, मानवीय कलाएं हजारों वर्ष पूर्व से ही रही है, यह हमें इतिहास खंगालने से पता चलता है। इसलिए यह मानने में कोई दो राय नहीं है कि भारतीय मिट्टी में ही कला रूपी अस्त्र निहित है, जहां जन्म लेने वाले प्रत्येक मानव में यह कला अपने आप समाहित हो जाती है बस, जरूरत है मानव में समाहित इस अंतर्निहित प्रतिभा कोपहचान कर उसे प्रकट करनें और उसका क्रियान्वयन कर उसका उपयोग अपने दैनिक जीवन से लेकर, उसका लाभ मानवीय जीवन और अर्थतंत्र में मजबूती करने की।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिस्थितियों, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की करें तो अब यह जरूरी हो गया है कि भारत माता की मिट्टी में पैतृक रूप से गॉड गिफ्टेड इस अंतर्निहित प्रतिभा को हमपहचान कर उसे बाहर प्रकट कर उसका उपयोग करें। जिसके लिए हमें एक ऊर्जावान अस्त्र की जरूरत है वह है। कौशलता विकास अस्त्र।

साथियों बात अगर हम आज हमारी140 करोड़ पार जनसंख्या की करें तो आज जरूरत है हमें इस जनसंख्यकीय पक्ष को सकारात्मकता में लेने की और कौशलता विकास का उपयोग कर हर व्यक्ति में अंतर्निहित प्रतिभा को तराश कर उसे कार्यबल के रूप में परिणित करना होगा, तो हम फिर भारत को सोने की चिड़िया बना सकते हैं। हम देखते हैं कि उत्तर भारत, दक्षिण भारत, मध्य भारत इत्यादि अनेक क्षेत्रों में विभिन्न कौशलता के धनी नागरिकों में कुशल बौद्धिक क्षमता कूट-कूट कर भरी है वहां की विभिन्न वस्तुएं विश्व प्रसिद्ध हैं जिसे कौशलता विकास अस्त्र से निखार कर उसे एक वैश्विक मंच या प्लेटफार्म प्रदान कर तेजी के साथ विकास किया जा रहा है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष की करें तो सरकारों द्वारा इस लक्ष्य पर काम करना शुरू हो गया है, अलग से कौशलता विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय सुशासन केंद्र, कई रणनीतिक साझेदारीयां, प्रोग्राम, आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव इत्यादि जो इसके सशक्त उदाहरण है, मार्ग से तीव्र गति से हर वर्गीय मनीषियों के लिए एक रणनीति के तहत उसकी अंतर्निहित प्रतिभा को पहचान कर उसे उसकी कौशलता का विभिन्न साधनों से विकास करने का कार्य किया जा रहा है।

साथियों बात अगर हम जनसंख्यकीय तंत्र के परिपेक्ष में करें तो भारतीय जनसंख्या वैश्विक स्तर पर आज प्रथम प्रथम स्थान पर पहुंच गई है। अब दूसरे स्थान पर विस्तारवादी देश की जनसंख्या है परंतु उस देश ने कुछ वर्ष पूर्व सिर्फ. एक बच्चा पैदा करने का कानून पारित किया था, जिसके कारण कुछ वर्षों में उसकी जनसंख्या में भारी गिरावट हुई, फिर इसे रेखांकित करते हुए दो बच्चे पैदा करने का कानून पास किया गया, जो अब तीन बच्चों तक कर दिया गया है फि र भी उस अनुपात में उसकी जनसंख्या नहीं बढ़ रही है। जिसके लिए अब जरूरी हो गया है कि हम अपने जनसंख्यकीय अंश और देश के युवाओं में अंतर्निहित प्रतिभा को प्रकट करने, कौशलता विकास रूपी ऊर्जावान अस्त्र का उपयोग तेजी से करें।

साथिया बात अगर हम कौशलता विकास, इस अस्त्र के उपयोग की करें तो इसमें सबसे अधिक जवाबदारी, दिल से साथ, सकारात्मक सहयोग, हर उम्र के स्टेज, खासकर युवाओं को देना होगा, क्योंकि सरकार कितने भी जन जागरण अभियान चलाएं परंतु जब तक जिसमें प्रतिभा है वह कौशलता विकास रूपी अस्त्र से उसे बाहर नहीं निकालेगा, ट्रेनिंग नहीं लेगा, तब तक पूरी रणनीति अधूरी रह जाएगी। साथियों बात अगर हम ग्रामीण क्षेत्र की करें तो सबसे अधिक जरूरत इस अंतर्निहित प्रतिभा को प्रकट करने की इस क्षेत्र के युवाओं की है क्योंकि सर्वविदित है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के भाई निष्ठावान, ईमानदारी से कार्य करना, सीखने में कुशल व योग्य हैं। मेरा मानना है आज वह कोयले की खदान में पड़े हीरे हैं, जिन्हें कौशता विकास रूपी अस्त्र से तराश कर अनमोल कार्यबल रूपी हीरा तैयार किया जा सकता है। जिसके कौशलता की कीमत भी अनमोल होगी, जो हमारे विजन आत्मनिर्भर भारत, विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरा करने में अहम भूमिका अदा करने में सक्षम होंगे।

साथियों बात अगर हम इस रणनीतिक रोडमैप में महिलाओं की करें तो दिनांक 23 मई 2023 को यूपीएससी के सिविलसर्विसेज रिजल्ट में यदि पिछले 10 वर्षों में देखें तो लड़कियों की संख्या लगातार सबसे बड़ी परीक्षा में बढ़ती जा रही है। इस वर्ष भी टॉप 10 में 6 लड़कियों ने अपनी जगह पक्की की है,जो ये दशार्ता है कि सिविल सेवा जैसीपरीक्षाओं में लड़कियों की न केवल रूचि बढ़ रही है, बल्कि तेजी से सफलता भी प्राप्त कर रही हैं। महिलाओं को कौशलता विकास अस्त्र से उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को प्रकट करने से महिला सशक्तिकरण को जबरदस्त प्रतिसाद मिलेगा, महिलाएं अपने बल पर बड़े से बड़ा काम कर सकती है। वैसे भी भारतीय नारी की प्रतिभा, बौद्धिक कौशलता जग प्रसिद्ध है जिनकी कौशलता प्रसिद्धि हमने वैश्विकस्तर पर देखी है, आखिर हैं तो वे मूल भारतीय ही। साथियों बात अगर हम आने वाले समय में कौशलता के महत्व करें तो, वैश्विक कामकाजी आबादी का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा, ऐसे में जब तक हम अपनी युवा जनसांख्यिकी को स्किल, री-स्किल और अप-स्किल किया जाना आवश्यक है। किसी भी देश के लिए बढ़ती जनसंख्या या तो बोझ हो सकती है या फिर संपति। ये दोनों ही बातें अपने आप में कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं। चूंकि बढ़ती जनसंख्या का दबाव वहां के संसाधनों के दोहन की गति को तेज कर देती है, चूंकि आबादी के अनुरूप संसाधन हमेशा से सिमित रहे हैं, इसके लिए फिर हमें आबादी के बड़े हिस्से को समंसाधनों का सही इस्तेमाल करने के लिए उसे न सिर्फ उसे शिक्षित करना होता है, बल्कि उसे खुद में एक संसाधन के रूप में भी तैयार करना होता है, इससे न सिर्फ हम सिमित संसाधन का सही इस्तेमाल कर पाएंगे बल्कि हम उसका विकल्प भी ढूंढ पाने में सफल हो सकते हैं। ये बात इसलिए कही जा रही है चूंकि भारत यानी हम अब दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गए हैं। भारत की बढ़ती आबादी पर भी ये बातें लागू होती है। चूंकि हम अपने आप को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम नें विजन@2047 का विजन दिया है। इसमें भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और एक वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के लिए दृष्टिकोण को स्पष्ट किया गया है. हाल ही में यूनाइटेड नेशन द्वार प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक हमने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। इसमें बड़े पैमाने पर युवा शक्ति का एक बड़ा वर्ग है. जिसे स्कील किया जाना आवश्यक है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत कौशलता, कुशल बौद्धिक क्षमता का धनी।भारत का दुनियां में कौशलता दम दिखा खास - किसी पीएम ने चरण छुए तो किसी पीएम ने कहा बॉस।भारतीय जनसंख्यकिय तंत्र को कौशलता संसाधनों के हब में परिवर्तित करने वैश्विक मंच, प्लेटफार्म प्रदान करनें की रणनीति सराहनीय है।

# गंगा को स्वच्छ बनाने का काम, दिन भर चले अढ़ाई कोस

**संजय रोकड़े**

**ना मुझे** किसी ने भेजा है, ना मैं यहां आया हूं, मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है। यह बात नरेन्द्र भाई दामोदर मोदी ने वाराणसी में पर्चा भरने से पहले कही थी। इस बात का सीधा और सरल अर्थ यही होता है कि उनको गंगा मैया ने सेवा के लिए बुलाया था। वे उस समय अपनी चुनावी सभाओं और रैलियों के दौरान भी बार- बार यह कहते थे कि मुझे गंगा मैया पुकार रही हैं। लेकिन अब तो शायद गंगा मैया की आवाज भी मोदी के कान तक नहीं पहुंच रही है। गर पहुंची होती तो शायद जिस समय सीमा 2022 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट को पूरा करने की उनने ठानी थी उसे समय में पूरा भी कर देते।

असल बात तो यह है कि गंगा मैली है, उसे साफ करना है। गंगा सफाई की अनेक योजनाएं पहले भी बनी है और ये भी बनी है। जो योजनाएं पहले बनी है उनमें अब तक कुछ अरब रुपए तो बह चुके है। इसलिए केवल भावनाओं में बहकर हम फिर ऐसा कोई काम न करें कि इस बार भी अरबों रूपए की नमामि गंगे योजनाएं बनें और गंगा जस की तस गंदी ही रह जाए।

हालाकि नमामि गंगे योजना का काम जिस कछूआ चाल से चल रहा है उसे देखते हुए तो कह सकते है कि गंगा को साफ करने का काम ईमानदारी से नही किया जा रहा है। स्पष्ट तो यही है कि अब भी किसी प्रकार का संतोषजनक परिणाम हासिल होने वाला नही है, सिवाय लफ्फाजी के।

केन्द्र की नरेन्द्र भाई दामोदर मोदी सरकार ने ये अच्छे से जान लिया है कि जनता को जितना बेवकूफ और मामू बनाएंगें उतना ही आसान और बेहतर तरीके से राज किया जा सकता है। शायद, इसीलिए नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर भी जनता को बेवकूफ और मामू बनाया जा रहा है। यहां बेवकूफ और मामू शब्द इसलिए प्रयोग में लाया जा रहा है क्यूंकि केन्द्र सरकार ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जो समय सीमा तय की थी उस समय में अब तक मंजूर 109 प्रोजेक्ट के काम की गति भी कछूआ चाल से ही चल रही है। इस नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर आलम ये है कि मोदी सरकार अब नदी किनारे बसे 4 हजार गांवों से निकलने वाले करीब 24 सौ नालों को चिंहित तक नही कर पाई है। अब जब इन नालों की पहचान ही नही कर पाई है तो जियो टेगिंग की प्रकिया को पूरी कब कर पाएगी। आपको मालूम हो कि केन्द्र सरकार इन चौबीस सौ नालों की पहचान कर जियो टेगिंग करने वाली है ताकि गंगा किनारे बसे गांव के लोग गंगा में मलबा ड़ाले तो उनकी पहचान की जा सके। लेकिन जिस तरह से गंगा को स्वच्छ बनाने के काम चल रहा है उसे देखते हुए तो कहा ही जा सकता है कि गंगा का साफ होना अभी भी बहुत दूर की कोड़ी है। नदियों को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों के बावजूद यह अभियान अभी तक कहां पहुंच सका है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी गंगा जैसी अहम नही को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए नई- नई पहल और नए-नए प्रयोग ही किए जा रहे है।

काबिलेगौर बात तो यह है कि यह परियोजना वजीरे आजम की पसंददीदा होने के बावजूद इसके काम की गति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि दिन भर चले और अढ़ाई कोस। इस समय नमामि गंगे प्रोजेक्ट की हालत यह है कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समय समय पर दिए गए दिशा-निदेर्शों के बावजूद नदी में किसी प्रकार का ठोस मलबा ना ड़ाला जाए इस पर सख्ती से रोक तक नही लगाई जा सकी है। इस प्रोजेक्ट को लेकर केन्द्र के साथ ही यूपी व उत्तराखंड की भाजपा शाषित राज्य सरकारों की उदासीनता का आलम यह है कि नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों ने गंगा में गंदा पानी व ठोस कचरा ड़ाल कर उसे प्रदूषित और मटमेला कर दिया ।

# किरन रिजीजू बनाम न्यायपालिका

**राज सक्सेना**

**मोदी** आपदा को अवसर बनाने में इस कदर सिद्धहस्त हैं कि समय समय पर, देश और विशेषकर विपक्षी दलों को भीहतप्रभ कर देते हैं। जब तक किसी को कुछ समझ आये परिणाम सामने आ जाता है। चाहे वह भाजपा की ओर से राष्ट्रपति के प्रत्याशी का चयन हो,राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति हो, राज्यों के मुख्यमंत्री का मनोनयन हो या अपने मंत्रिमंडल के साथियों का चयन, पदमुक्ति अथवा प्रोन्नति ही हो, उनके हर एक निर्णय ने देश ही नहीं विदेश में बसे भारतीयों को भी आश्चर्यचकित किया है।शायद मोदी को वह दैवीय शक्ति दैवप्रदत्त है कि उनका कोईचयन किसी अपवाद को छोड़ कर किसी पैमाने पर खरा न उतरता हो। वर्तमान में किरन रिजीजू को कानून मंत्रालय से हटा कर मेघवाल को उसे सौंपना एक बार फिर लोगों को आश्चर्यचकित कर गया है। बड़े-बड़े विशेषज्ञों की समझ में अब तक नहीं आया है कि आखिर मोदी ने रिजीजू को हटाया क्यों और उन्हें एक अतिसाधारण पद का मंत्री क्यों बनाया गया है। एक अतिविद्वान सुप्रीमकोर्ट के वकील रविशंकर प्रसाद के स्थान पर अगली कैबिनेट में किरन रिजीजू, हालांकि वे भी कानून की डिग्री प्राप्त हैं मगर उन्होंने कभी कोर्ट का मुंह नहीं देखा था को कानून मंत्री बनाना, लोगों को अखर ही रहा था कि सीजेआई से कालेजियम सिस्टम पर उनकी नोंकझोंक सामने आयी तो लोगों का मुंह खुला रहा गया। अभी लोग इस परिवर्तन के निहितार्थ समझ ही रहे थे कि एक कानून की डिग्री प्राप्त पूर्व नौकरशाह मेघवाल,जिसने कभी कोई केस किसी कोर्ट में वकील के तौर पर नहीं लड़ा, उसे कानून मंत्री बना कर आखिर मोदी उनसे क्या अपेक्षा कर रहे हैं यह किसी की समझ में फिर नहीं आ रहा है। क्याकिरन रिजीजू को,उन्हें सौंपे गये टास्क को पूरा न करने पर हटाया गया? या उन्होंने स्वयं को सौंपा लक्ष्यपूरा कर दिया है? यह एक यक्षप्रश्न बन कर लोगों के सामने खड़ा नजर आ रहा है।

अगरकिरण रिजीजू को हरावल दस्ते का कार्य दिया गया था? तो वे अपने टास्क केअनुपालन में लगातार न्यायपालिका पर हमलावर थे। उन्होंने हर उस तरह न्यायपालिका पर हमला किया जो अभी तक आमजन के आक्रोश का प्रतीक तोथा लेकिन अवमाननाके डर से आमजन उसे बोलने से डरता था।

## इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई महासिचव असद उमर की नजरबंदी रद्द की, रिहा करने का आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) महासचिव असद उमर की रिहाई का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने सार्वजनिक व्यवस्था अध्यादेश



के रखरखाव के तहत उनके नजरबंदी के आदेश को रद्द कर दिया। मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसक विरोध प्रदर्शन के ठीक एक दिन बाद 10 मई को पीटीआई नेता असद उमर को गिरफ्तार किया गया था। उमर को हाई कोर्ट परिसर से हिरासत में लिया गया था। तब से उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है।

## सऊदी अरब-कनाडा के राजनयिक संबंध हुए बहाल, दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बैठक में बनी सहमति

**टोरंटो।** सऊदी अरब ने कनाडा के साथ राजनयिक संबंध बहाल कर दिए। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रियाद के कार्यकर्ताओं के कारावास को लेकर पांच साल पहले दोनों देशों के बीच दरार पैदा हो गई थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया। इसकी वजह से दोनों देशों के बीच व्यापारिक और आपसी संबंधों को नुकसान हुआ।

**दोनों देशों के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया था फैसला**

बयान में कहा गया है कि पिछले साल नवंबर में बैंकाक में एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन (एपीईसी) फोरम के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के बीच हुई चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया है। कनाडा के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सऊदी अरब के साथ राजनयिक संबंधों को उसके पिछले स्तर पर बहाल करने का निर्णय लिया गया है। दोनों देशों ने जीन-फिलिप लिंट्यू के रूप में सऊदी अरब में कनाडा के नए राजदूत की भी घोषणा की।

**2018 में राजनयिक संबंधों में आई थी दरार**

ओटावा में अधिकारियों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाने और कैद किए गए कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग के बाद 2018 में सऊदी अरब के साथ कनाडा के संबंध खराब हो गए थे। अब आपसी सम्मान और सामान्य हितों के आधार पर राजनयिक संबंधों को बहाल करने की इच्छा व्यक्त की गई थी।

## इमरान के करीबी असद उमर ने छोड़ा पीटीआई महासचिव का पद, रिहाई के बाद लिया फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) महासचिव असद उमर की तुरंत रिहाई का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने पीटीआई महासचिव का पद भी छोड़ दिया है। हाईकोर्ट ने सार्वजनिक व्यवस्था अध्यादेश के रखरखाव के तहत उनके नजरबंदी के आदेश को रद्द कर दिया साथ ही कहा कि उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। असद उमर इमरान खान के करीबी सहयोगी है। अदालत की अध्यक्षता न्यायमूर्ति मियांगुल औरंगजेब ने की, सुनवाई को दौरान उन्होंने फैसला सुनाया कि उनकी गिरफ्तारी एमपीओ (लोक व्यवस्था अध्यादेश के रखरखाव) के उल्लंघन में थी। 10 मई को, पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के एक दिन बाद, उमर को एमपीओ के तहत आईएचसी मैदान से हिरासत में लिए लिया था।

**भड़काऊ ट्वीट डिलीट करने का आदे दिया**

न्यायमूर्ति औरंगजेब ने कहा कि असद उमर के मामले मेरे सामने हैं। अगर मैं आज आदेश जारी करता हूं, तो मुझे नहीं पता कि कल क्या होगा। अदालत ने उमर को अपने भड़काऊ ट्वीट डिलीट करने और एक हलफनामा जमा करने का आदेश दिया। एक रिपोर्ट में बताया कि इससे पहले 12 मई को असद उमर ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) परिसर में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

## नेपाल में फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री रायमाझी समेत 30 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**काठमांडू।** नेपाल में फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में पूर्व उपप्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी समेत 30 लोगों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर राज्य के खिलाफ अपराध, धोखाधड़ी, संगठित अपराध और साजिश के चार मामलों में मामला दर्ज किया गया। पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खांड, पूर्व सांसद इंद्रजीत राई और अंगतवा शेरपा, सरकार के सचिव टेकनारायण पांडे, भूटानी शरणार्थी नेता टेकनाथ रिजाल, नेपाल हज कमेटी के अध्यक्ष समशेर मियां पर भी मुकदमा दायर किया गया है। उन सभी पर राज्य के खिलाफ अपराधों



का आरोप भी लगाया गया है। लोक अभियोजक कार्यालय ने मुकदमा दर्ज कर 28 करोड़ नेपाली रुपये की मांग की है। 22 मई को नेपाल पुलिस ने लोक अभियोजक कार्यालय को इस बारे में एक रिपोर्ट सौंपी थी। इसी आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने 26 मार्च को जांच शुरू की थी।

## श्रीलंका की नौसेना ने चीन के डूबे पोत के 14 नाविकों के शव खोजने के साथ बचाव अभियान समाप्त किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने मध्य हिंद महासागर में चीन का पोत डूबने के बाद शुरू किए गए बचाव अभियान को 14 शव बरामद करने के साथ समाप्त करने की घोषणा की। यह पोत 16 मई को डूब गया था। इस पोत में 39 नाविक सवार थे। इनमें चीन के 17 नाविक, इंडोनेशिया के 17 नाविक और फिलीपीन के पांच नाविक थे। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने बचाव अभियान को समाप्त करने की घोषणा करते हुए कहा हमारे गोताखोरों ने श्रीलंका से 700 समुद्री मील दूर डूबे पोत के अंदर



फंसे 14 शव बरामद किए हैं। चीन ने इस संबंध में भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका सहित क्षेत्र के पांच देशों से सहायता मांगी थी। इसके बाद श्रीलंका की नौसेना ने बचाव अभियान शुरू किया था। बीजिंग के अनुरोध पर भारतीय नौसेना ने दक्षिणी हिंद महासागर क्षेत्र में अपना एयर एमआर एसेट्स तैनात किया था। यह पोत ऑस्ट्रेलिया के बचाव क्षेत्र में पलटा था। यह स्थान पर्थ के पश्चिम में 5,000 किलोमीटर दूर है। ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय खोज और बचाव प्रयासों में मदद के लिए तीन हवाई जहाज और चार पोत भेजे थे।

## ताइवान को बचाने के लिए जिस एयरबेस पर निर्भर अमेरिका, चीन ने उसी के कंप्यूटर सिस्टम्स को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लिए रूस के बाद अब चीन के हैकर बड़ी समस्या बन गए हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि जिस दौरान अमेरिका ने चीन के जासूसी गुब्बारों को मार गिराया और उनके डेटा की जांच शुरू की, ठीक उसी दौरान अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई और टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट को चीन के हैकरों की ओर से अमेरिका के कई राज्यों में हैकिंग की कोशिशों की खबर मिली थी। चिंता की बात यह थी कि जिस कंप्यूटर कोड को हैकरों ने अमेरिकी सिस्टम्स में डालना शुरू किया, वह गुआम के टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में भी पाया गया। यह बात डराने वाली इसलिए भी है, क्योंकि गुआम अमेरिका के सबसे बड़े एयरबेसों में शामिल है, जिसके नियंत्रण में प्रशांत महासागर में सबसे अहम बंदरगाह आते हैं।

**चीन सरकार से जुड़ा है कोड डालने वाला हैकिंग समूह**

माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक, इस कोड को अमेरिकी सिस्टम्स में चीन की सरकार से जुड़े एक हैकिंग समूह ने डाला था। उसकी इस कोशिश की जानकारी मिलने के बाद अमेरिकी सुरक्षा विभाग में



हलचल मच गई। दरअसल, अफसरों का कहना है कि यह एयरबेस अमेरिका और एशिया के बीच सुरक्षा के लिहाज से पुल का काम करता है। यानी ताइवान पर अगर चीन की ओर से कोई हमला किया जाता है, तो गुआम एयरबेस अमेरिकी सैन्य प्रतिक्रिया का सबसे अहम केंद्र होगा। हालांकि, चीन की ओर से गुआम की सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाने के बाद यह चिंता जताई जा रही है कि किसी भी तरह की युद्ध की स्थिति में चीनी हैकर्स अमेरिका के एयरबेसों को निशाना बनाकर उसे नेस्तनाबूत करने की कोशिश कर सकते हैं।

**ट्रेसिंग से बचाने के लिए अपनाई यह तकनीक**

माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक, चीनी हैकरों ने गुआम और बाकी राज्यों में अलग-अलग सिस्टम्स में हैकिंग कोड डालने के लिए जबरदस्त चालाकी की। इसे चोरी-छिपे कुछ सिस्टम्स में डाला गया और यह अलग-अलग घरों के राउटर्स और अन्य इंटरनेट से जुड़े डिवाइसेज से भी होकर गुजरा, जिससे इसे ट्रैक करना भी काफी मुश्किल हो गया।

खुफिया विभाग के मुताबिक, इस कोड का नाम 'वेब शेल' था। इसकी स्क्रिप्टिंग की वजह से हैकर्स इसे कहीं दूर बैठकर भी ऑपरेट कर सकते हैं। चूंकि घरों में लगे राउटर्स खास तौर पर पुराने मॉडल्स, जिनमें सॉफ्टवेयर भेदने में आसान होते हैं। इसलिए यह कोड कई सिस्टम्स को निशाना बना सकता है।

**कोड से दूसरे देशों के हथियार इस्तेमाल कर सकता है चीन**

माइक्रोसॉफ्ट ने इस हैकिंग कोड की जानकारी भी प्रकाशित की है। बताया गया है कि इस हैकर समूह का नाम 'वोल्ट टाइफून' है। इस समूह को चीन की ओर से ही दूसरे देशों के अहम टेक इंफ्रास्ट्रक्चर- जैसे संचार, विद्युत और गैस से जुड़े संसाधनों को निशाना बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इतना ही नहीं इसे नौसैनिक अभियानों और परिवहन व्यवस्था को भी बिगाड़ने के लिए कहा गया है। गुआम में हुई घटना को अमेरिकी अधिकारियों ने जासूसी से जुड़ा मुद्दा माना है। हालांकि, यह भी कहा गया है कि चीन के हैकर इस कोड को सिस्टम्स का सुरक्षा घेरा तोड़ने और इसके बाद तबाही वाले हमले कराने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।


**अमेरिका ने साथी देशों को जारी की एडवायजरी**

माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि अभी तक उसे इस कोड के किसी तरह के हमले के लिए इस्तेमाल के सबूत नहीं मिले हैं। रूसी हैकरों से उलट चीनी हैकर्स आमतौर पर जासूसी को तरजीह देते हैं। टेक कंपनी की इस रिपोर्ट के मद्देनजर अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और कनाडा के लिए एडवायजरी भी जारी की है।

## अमेरिका में दिवाली पर मिलेगी सरकारी छुट्टी! न्यूयॉर्क विधानसभा में कानून बनाने की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के बढ़ते प्रभाव का ही असर है कि अब वहां दिवाली पर सरकारी छुट्टी देने की तैयारी चल रही है। बता दें कि यह पहल हुई है न्यूयॉर्क में, जहां इसे लेकर न्यूयॉर्क की विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसके पास होने के बाद दिवाली पर छुट्टी मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। दिवाली के साथ ही इस प्रस्ताव में न्यूयॉर्क में लूनर न्यू ईयर पर भी सरकारी छुट्टी देने का प्रावधान किया गया है।

न्यूयॉर्क असेंबली के स्पीकर कार्ल हेस्टी ने बुधवार को एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की और कहा कि न्यूयॉर्क के समृद्ध और विविधता भरी संस्कृति को पहचान देने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'असेंबली में लूनर न्यू ईयर और दिवाली पर छुट्टी देने के लिए असेंबली के सत्र के खत्म होने से



पहले इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इस फैसले का स्कूलों के कैलेंडर पर क्या फर्क पड़ेगा, इसे लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है।'

**भारतीय समुदाय को मिलेगा फायदा**

न्यूयॉर्क असेंबली का सत्र 8 जून तक चलेगा। माना जा रहा है कि सत्र की समाप्ति तक प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इस प्रस्ताव को दिवाली डे एक्ट नाम दिया गया है, जिसके तहत न्यूयॉर्क में दिवाली की छुट्टी 12वीं सरकारी छुट्टी घोषित हो जाएगी। इससे अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के समुदाय को काफी फायदा होगा और वह अपने परिवार और दोस्तों के साथ अच्छे से दिवाली के त्योहार को सेलिब्रेट कर पाएंगे।

**स्कूलों में भी छुट्टी कराने की तैयारी**

न्यूयॉर्क असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार और सीनेटर जोए अद्दाबो ने मांग की है कि दिवाली पर न्यूयॉर्क सिटी के स्कूलों में भी छुट्टी की जाए। न्यूयॉर्क स्टेट काउंसिल के सदस्य शेखर कृष्णन और काउंसिल वुमन लिंडा ली ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। बता दें कि लंबे समय से दिवाली पर सरकारी छुट्टी देने की मांग की जा रही थी, जो अब जल्द ही पूरी होने जा रही है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के पेंसिल्वेनिया प्रांत में पहले से ही अमेरिका पर छुट्टी देने का कानून बना हुआ है।

## इमरान को एक और झटका, पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने पार्टी छोड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को लगातार झटके लग रहे हैं। अब इमरान के करीबी और उनकी सरकार में मंत्री रहे फवाद चौधरी ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। नौ मई को हुई हिंसा के बाद सरकार लगातार पीटीआई के नेताओं पर शिकंजा कस रही है। इसी के चलते इमरान के करीबी पार्टी छोड़ रहे हैं। इमरान की सरकार में सूचना मंत्री रहे फवाद चौधरी ने ट्वीट कर कहा कि मेरे पहले के बयान में जहां मैंने नौ मई की घटनाओं की स्पष्ट रूप से निंदा की थी, मैंने राजनीति से ब्रेक लेने का फैसला किया है, इसलिए मैंने पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया है और इमरान खान से अलग हो रहा हूं। फवाद चौधरी ने इमरान सरकार के दौरान सूचना और प्रसारण के संघीय मंत्री और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री के रूप में कार्य किया। वह पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पार्टी प्रवक्ता भी थे। इससे पहले, पीटीआई की बड़ी नेता शिरीन मजारी ने मंगलवार को बड़ा झटका देते हुए तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी छोड़ दी थी और उन्होंने रक्षा प्रतिष्ठानों पर पर हमला करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थकों पर निशाना साधते हुए उनकी निंदा भी की थी। शिरीन मजारी ने इमरान खान के शासन में 2018 से 2022 तक मानवाधिकार मंत्री के रूप में कार्य किया। शिरीन मजारी ने 12 मई के बाद से चौथी बार गिरफ्तारी के बाद रिहा होने के बाद सक्रिय राजनीति से अपने इस्तीफे और सेवानिवृत्ति की घोषणा की, जब उन्हें 9 मई को हुई हिंसा के सिलसिले में पुलिस द्वारा उनके आवास से उठाया गया और जेल भेज दिया गया। मजारी को एक अदालत के आदेश पर जेल से रिहा किए जाने के कुछ घंटे बाद सोमवार को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया था।

## यूएस राष्ट्रपति चुनाव : फ्लोरिडा गवर्नर रॉन डेसैंटिस ने पेश की दावेदारी, ट्रंप के लिए बन सकते हैं चुनौती

**फ्लोरिडा ।** फ्लोरिडा रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसैंटिस आधिकारिक तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल हो गए हैं। 2024 में होने वाले चुनाव के लिए गवर्नर रॉन ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के संघीय

अंतर से पीछे छोड़ते हुए दिखाई दिए हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को



न्यूयॉर्क में आपराधिक आरोपों सहित कानूनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनकी छवि को धक्का लगा है। रॉन डेसैंटिस ने गुरुवार को ट्विटर पर अपने चुनाव अभियान की शुरुआत भी कर दी है। डेसैंटिस ने ट्वीट किया कि मैं ग्रेट अमेरिकन का नेतृत्व करने के लिए राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हो रहा हूं। डेसैंटिस ने कहा, हमें इसके साहस की आवश्यकता है, और हमारे पास जीतने की ताकत होनी चाहिए। यदि आप मुझे नामांकित करते हैं, तो मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में पद की शपथ लूंगा।

**उम्मीदवारों में उद्यमी भी शामिल**-राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारों में सीनेटर टिम स्कॉट, संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी दूत निक्की हेली और उद्यमी विवेक रामास्वामी शामिल हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, जिन्होंने ट्रंप के साथ काम किया, उनके भी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभियान शुरू करने की संभावना है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## यूरोपीय संघ की अदालत ने मेटा की अर्जी की खारिज, कहा- आरोपों की जांच के लिए जरूरी डाटा सौंपे

**वाशिंगटन।** फेसबुक की मालिकाना कंपनी मेटा को यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अदालत ने बड़ा झटका दिया। उस पर मुक्त प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की जांच के लिए जो सूचनाएं, डाटा व दस्तावेज चाहिए, वे सभी प्रतिस्पर्धा आयोग को सौंपने को कहा गया है। आयोग की ओर से मांगी जानकारी के खिलाफ मेटा ने अर्जी दायर की थी, जो खारिज कर दी गई।

आयोग ने फेसबुक के डाटा व ऑनलाइन मार्केटप्लेस से जुड़ा डाटा सौंपने को कहा था। इनके आधार पर आयोग मेटा के खिलाफ अपना केस तैयार कर रहा है, लेकिन मेटा ने इससे इन्कार दिया था। ताजा आदेश पर कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि



यूरोपीय प्रतिस्पर्धा आयोग डाटा को लेकर ऐसा व्यवहार कर रहा है, जैसे मछली पकड़ने की बड़ी मशीनी नौका समुद्र तल में वैक्यूम लगा मछलियां खींच रही हों। कंपनी 2019 से अब तक लाखों दस्तावेज सौंप चुकी है। उन्होंने बताया, ताजा अदालती आदेश के बाद वह अपने सामने मौजूद विकल्पों पर कंपनी विचार कर रही है।

**कंपनी साबित नहीं कर सकी मांगा गया डाटा गैरजरूरी : आयोग**

जनरल कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यूरोप में आयरलैंड स्थित मेटा कंपनी यह नहीं साबित कर पाई कि आयोग की ओर से मांगा गया डाटा व दस्तावेज जांच के लिए जरूरी नहीं है। यह भी कहा कि मेटा द्वारा 'वर्चुअल डाटा रूम' में यूजर्स की निजी संवेदनशील जानकारियां क्या संतोषजनक स्तर पर सुरक्षित रखी गई हैं, इतना भी कंपनी बताने में विफल रही। अगर उसे अब कानूनी स्तर पर कोई राहत चाहिए तो वह यूरोप की सर्वोच्च अदालत जाए। दूसरी ओर मेटा ने कहा था कि वर्चुअल डाटा रूम में यूजर्स की निजी मेडिकल फाइल्स जैसी केवल निजी जानकारियां होती हैं।

**मेटा में छंटनी का आखिरी दौर, 10,000 की जाएगी नौकरी**

फेसबुक का स्वामित्व रखने वाली मेटा ने बुधवार को छंटनी का आखिरी दौर शुरू कर दिया है। कंपनी के मामलों की जानकारी रखने वाले सूत्रों का दावा है कि मार्च में 10,000 लोगों की छंटनी का एलान किया था। इससे पहले अप्रैल में भी 4,000 कर्मचारियों को नौकरी गंवानी पड़ी थी। व्यापक छंटनी के बाद मेटा में कर्मचारियों की संख्या घटकर 2021 के स्तर पर आ गई है।

इससे पहले कंपनी ने 2020 में भारी संख्या में कर्मचारियों की भर्ती कर कुल कार्यबल को दोगुना किया था। मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जकरबर्ग ने मार्च में छंटनी का एलान करते हुए कहा था कि यह दौर मई में खत्म होगा।

## डीजीसीए ने गो फर्स्ट को 30 दिन में पुनरुद्धार योजना पेश करने को कहा

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संकटग्रस्त एयरलाइंस कपनी गो फर्स्ट को अपना परिचालन फिर शुरू करने से पहले विस्तृत पुनरुद्धार योजना पेश करने को कहा है। स्वैच्छिक दिवाला कार्यवाही का सामना कर रही किफायती सर्विस देने वाली गो फर्स्ट की उड़ानें तीन मई से बंद हैं।



आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि डीजीसीए ने गो फर्स्ट से फिर से उड़ान भरने के लिए विस्तृत पुनरुद्धार योजना पेश करने के लिए कहा है। विमान नियामक ने 24 मई को एयरलाइन को परिचालन की बहाली के लिए 30 दिन के भीतर एकीकृत पुनरुद्धार योजना पेश करने के लिए कहा है। डीजीसीए ने गो फर्स्ट एयरलाइन से संचालन योग्य विमान, पायलट और अन्य कर्मियों, देखभाल प्रबंधन और कोष समेत अन्य चीजों की जानकारी मांगी थी। इससे एक दिन पहले कंपनी ने कर्मचारियों को मेल के जरिए सूचित किया था कि परिचालन शुरू होने से पहले कर्मचारियों का अप्रैल महीने का वेतन उनके खातों में डाल दिया जाएगा।